


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 55/ अंक 12/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, सोमवार 28 जुलाई 2025 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in

## उज्जैन में महाकाल की तीसरी शाही सवारी आज, बनाई दर्शन व्यवस्था

**उज्जैन।** सावन का तीसरा सोमवार है और देशभर में भगवान शिव के भक्त महाकाल की भक्ति में लीन हैं। उज्जैन में, बाबा महाकाल की तीसरी शाही सवारी आज शाम 4 बजे धूमधाम से निकलेगी, जिसमें चंद्रमौलेश्वर और मनमहेश स्वरूप में भगवान महाकाल दर्शन देंगे। यह सवारी भक्तों के लिए एक विशेष अवसर है, क्योंकि इस बार इसमें पुलिस, आर्मी, होमगार्ड और निजी बैंड की आकर्षक प्रस्तुतियां शामिल होंगी। आज सावन के तीसरे सोमवार पर सभा मंडप में वीरभद्र के कान में स्वस्ति वाचन कर भगवान से आज्ञा लेकर चांदी का पट खोला गया। इसके बाद कर्पूर आरती की गई। नंदी हॉल में नंदी का स्नान, ध्यान और पूजन किया गया। भगवान महाकाल का जल से अभिषेक करने के बाद दूध, दही, घी, शक्कर, शहद और फलों के रस से बने पंचामृत से पूजन किया गया। उसके बाद



भगवान महाकाल का विशेष राजा स्वरूप श्रृंगार किया गया, जिसमें उन्हें रजत चंद्र, त्रिशूल, मुकुट आभूषण के साथ भांग, चंदन, ड्रायफ्रूट से सजाकर भस्म चढ़ाई गई। शेषनाग का रजत मुकुट, रजत की मुण्डमाल और रुद्राक्ष के साथ-साथ फूलों की माला भगवान महाकाल ने धारण की। अंत में, फल और मिष्ठान का भोग लगाया गया। भस्म आरती के दौरान चलित दर्शन व्यवस्था में भक्तों ने बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया, जो उनके लिए एक अविस्मरणीय अनुभव था। इस साल की तीसरी सवारी (उज्जैन शाही सवारी) की मुख्य थीम बैंड पर आधारित है। इसमें भारतीय सेना, पुलिस, होमगार्ड और विभिन्न निजी बैंड अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे, जिससे सवारी का माहौल और भी भक्तिमय और भव्य हो जाएगा।

## नागपंचमी पर महाकालेश्वर मंदिर में भक्तों के लिए खुलेंगे नागचन्द्रेश्वर के पट

**उज्जैन।** मंगलवार को नागपंचमी का त्योहार मनाया जाएगा, जिसमें देश के कोने-कोने से काफी संख्याी में श्रद्धालु भगवान श्री नागचन्द्रेश्वर के दर्शन के लिए आएंगे। इसे देखते हुए प्रशासन ने व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। महाकालेश्वर मंदिर के द्वितीय तल पर श्री नागचन्द्रेश्वर मंदिर के पट वर्ष में एक बार 24 घंटे सिर्फ नागपंचमी के दिन खुलते है। हिंदू धर्म में सदियों से नागों की पूजा करने की परंपरा रही है। हिंदू परंपरा में नागों को भगवान का आभूषण भी माना गया है। महाकाल मंदिर के गर्भगृह के उपर ओंकारेश्वर मंदिर और उसके भी शीर्ष पर भगवान श्री नागचन्द्रेश्वर का मंदिर प्रतिष्ठापित है। श्री नागचन्द्रेश्वर मंदिर में 11 वीं शताब्दी की एक अद्भुत प्रतिमा स्थापित है। प्रतिमा में श्री नागचन्द्रेश्वर स्वयं अपने सात फनों से सुशोभित हो रहे है। साथ में शिव-पार्वती के दोनों वाहन नंदी एवं सिंह भी विराजित है। मूर्ति में श्री गणेश की ललितासन मूर्ति, उमा के दांयी ओर कार्तिकेय की मूर्ति व उपर की ओर सूर्य-चन्द्रमां भी अंकित है। इस प्रकार श्री नागचन्द्रेश्वर की मूर्ति अपने आप में भव्य एवं कलात्मकता का उदहारण है। भगवान के गले और भुजाओं में भुजंग लिपटे हुए है। कहते हैं कि यह प्रतिमा नेपाल से यहां लाई गई थी। ऐसी मान्यता है कि, उज्जैन के अलावा दुनिया में कहीं भी ऐसी प्रतिमा नहीं है। इस प्रतिमा के दर्शन के उपरांत अंदर प्रवेश करने पर भगवान श्री नागचन्द्रेतश्वर की मुख्य प्रतिमा (शिवलिंग) के दर्शन होते है।



### आज की रात 12 बजे पट खुलेंगे

पट खुलने के बाद रात्रि 12 बजे विशेष पूजा-अर्चना के साथ आम भक्तों के लिये मंदिर के पट खुल जायेंगे और श्री नागचन्द्रेनश्व महादेव के 29 जुलाई मंगलवार तक लगातार 24 घंटे दर्शन होंगे। मंदिर के पट मंगलवार की रात्रि 12 बजे बंद होंगे।

## मुख्यमंत्री साय ने हेलीकॉप्टर से कांवड़ियों पर की पुष्पवर्षा गूंजा हर हर महादेव

**रायपुर।** श्रावण मास के तृतीय सोमवार को छत्तीसगढ़ के खजुराहो बाबा भोरमदेव मंदिर में कावड़ियों पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और दोनों उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और अरुण ने हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की। इस दौरान हर हर महादेव का नारा गूंज उठा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज सुबह ही भोरमदेव पहुंच गए थे। इसके बाद हेलीकॉप्टर



से भोरमदेव मंदिर परिसर पहुंचकर कावड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं, भक्तों और कावड़ियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व अरुण साव भी मौजूद रहेंगे। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब मुख्यमंत्री स्वयं श्रद्धालुओं का पुष्प वर्षा के माध्यम से स्वागत किया। श्रावण मास में भोरमदेव मंदिर विशेष महत्व रखता है। यह चौथा सोमवार होने के कारण श्रद्धालुओं की संख्या और आस्था देखते ही बन रही है। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम, बेमेतरा, खैरागढ़, राजनांदगांव, बलौदा बाजार, मुंगेली, बिलासपुर सहित अन्य जिलों से हजारों की संख्या में कांवड़िए भोरमदेव पहुंचते हैं। हजारों की संख्या में माँ नर्मदा नदी के उदगम स्थल अमरकंटक से कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालु जल लेकर पदयात्रा करते हुए भोरमदेव मंदिर पहुंचते हैं और भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करते हैं।







विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर का स्वागत करते हुए। मुख्यमंत्री मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्त, जगदीश देवड़ा, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, राकेश सिंह, विश्वास सांरग एवं मुख्य सचिव अनुराग जैन।

## पाकिस्तान से सीजफायर दबाव में नहीं किया: राजनाथ

### आपरेशन सिंदूर पर संसद में चर्चा शुरू, राजनाथ बोले- हमारा मकसद आतंकी ठिकाने तबाह करना था

**नई दिल्ली।** संसद में सोमवार को ऑपरेशन सिंदूर पर रक्षा मंत्री राजनाथ ने बताया, हमने आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारा। सेना ने आतंकियों से हमारी माताओं-बहनों के सिंदूर का बदला लिया।

राजनाथ बोले- सीमा पार करना या कैप्चर करना उद्देश्य नहीं था। कार्रवाई का मकसद सालों से पाले-पोसे जा रहे आतंकियों को निशाना बनाना था। ऑपरेशन सिंदूर में सेनाओं को आजादी दी गई कि वे ऑब्जेक्ट्स खुद चुनें। 10 मई की सुबह भारतीय एयरफोर्स ने पाकिस्तान के एयरबेस पर पर करारे हमले किए तो उन्होंने हार मान ली। पाकिस्तान की तरफ से कहा गया कि बस बहुत हुआ, हमले रोक दीजिए।








सपा सांसद डिंपल यादव पर टिप्पणी को लेकर राजग सांसदों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने भी नारेबाजी की।

### डिंपल यादव पर मौलाना की टिप्पणी को लेकर एनडीए का विरोध प्रदर्शन

सपा सांसद डिंपल यादव पर एआईआईए अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी की अपमानजनक टिप्पणी पर हंगामा हो गया है। इस मुद्दे पर एनडीए सांसदों ने आज संसद परिसर में सपा मुखिया अखिलेश यादव के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और उन पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया।



### रिजिजू ने विपक्ष को संसद में लक्ष्मण रेखा पार न करने की दी चेतावनी, कहा- पाकिस्तान की भाषा न बोलें

लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा से पहले केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष से लोकसभा में चर्चा के दौरान लक्ष्मण रेखा पार न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि विपक्ष ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान सोच-विचारकर बोले ताकि पाकिस्तान विपक्षी नेताओं के बयानों को अपने हित में इस्तेमाल न कर पाए। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में आज ऑपरेशन सिंदूर को लेकर होने वाली चर्चा पर विपक्ष को आगाह करते हुए कहा कि %मैं विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस से अनुरोध करता हूं कि वे भारत के हितों को नुकसान पहुंचाने वाला कुछ भी न करें और पाकिस्तान की भाषा न बोलें।

मप्र विधानसभा

## गिरगिट के खिलौने लेकर विधानसभा पहुंचे कांग्रेस विधायक, कार्यवाही स्थगित

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को कांग्रेस विधायकों ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। वे हाथों में तख्तियां और गिरगिट के खिलौने लेकर पहुंचे। गांधी प्रतिमा के सामने नारेबाजी की। कांग्रेस विधायकों का कहना था कि सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 फीसदी आरक्षण नहीं देना चाहती। वह बार-बार गिरगिट की तरह रंग बदल रही है।

सदन के अंदर सत्र की कार्यवाही शुरू होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने पूर्व विधायक राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह, रघुनाथ चौधरी, शंकर लाल मुन्नाखेड़ी, सरदार सुखदेव सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास, गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय कुमार रुपाणी, फिल्म अभिनेता मनोज कुमार, लोक कलाकार रामसहाय पांडे को श्रद्धांजलि दी। पहलगाम आतंकी हमले और अहमदाबाद एयर इंडिया विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई।



### 3 सरकारी विधेयक, अनुपूरक बजट आएगा

8 अगस्त तक चलने वाले इस सत्र में अनुपूरक बजट भी पेश किया जाएगा। सत्र के लिए कुल 3377 में से 2076 सवाल ऑनलाइन आए हैं जबकि ऑफलाइन सवालों की संख्या 1301 है। 226 ध्यानाकर्षण, अशासकीय संकल्प की 23 और शून्यकाल की 65 सूचनाएं विधायकों की ओर से दी गई हैं। विधायकों ने नियम- 139 के तहत एक सूचना दी है। एक स्थगन प्रस्ताव की सूचना भी सचिवालय को दी गई है। इस सत्र में तीन सरकारी विधेयक भी पेश किए जाएंगे।





मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान की उपलब्धियों पर केंद्रित प्रदर्शनी सदानीरा का मध्य प्रदेश विधानसभा के सेंट्रल हॉल में दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार उपस्थित थे।

### कांग्रेस विधायकों ने लगाया आरोप- OBC आरक्षण पर बार-बार रंग बदल रही सरकार



मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को कांग्रेस विधायकों ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। वे हाथों में तख्तियां और खिलौने वाले गिरगिट लेकर पहुंचे। गांधी प्रतिमा के सामने नारेबाजी की। कांग्रेस विधायकों का कहना था कि सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 फीसदी आरक्षण नहीं देना चाहती। वह बार-बार गिरगिट की तरह रंग बदल रही है। वहीं, सिरोंज से बीजेपी विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा- मुझे चिंता है कि कमलनाथ जी को सदन में आने से कौन रोक रहा है? मुझे लगता है कि यह कांग्रेस की गुटबाजी और फूट का परिणाम है।

## कश्मीर में मारे गए तीन टॉप आतंकी

### पहलगाम हमले से बताया जा रहा लिंक

**श्रीनगर।** जम्मू और कश्मीर में एक बार फिर सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। खबर है कि जवानों ने ऑपरेशन महादेव के तहत पहलगाम नरसंहार में शामिल संदिग्ध आतंकियों को घेर लिया है। एनकाउंटर में 3 आतंकी ढेर हो गए हैं। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। 22 अप्रैल को हुए हमले में 26 लोगों की हत्या कर दी गई थी। खबर है कि सुरक्षाबलों को श्रीनगर के लिडवास



में 3 आतंकवादियों के होने की सूचना मिली थी। इसके बाद ऑपरेशन महादेव के नाम से सेना, जम्मू और कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ ने मिलकर साझा कार्रवाई शुरू की। इसके बाद लंबी मुठभेड़ में तीन दहशतगर्दों को ढेर कर दिया गया। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि सेना ने दो दिन पहले दाचीगाम के जंगल में संदिग्ध बातचीत ट्रेस की थी। इसके बाद ऑपरेशन शुरू करने का फैसला लिया गया। पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में आतंकवादियों ने वहां मौजूद सैलानियों पर गोलीबारी कर दी थी। उस घटना में 26 लोगों की मौत हो गई थी। खबरें थी कि इस हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े ञ्ञ्ञ्र दे रेजिस्टेंस फोर्स ने ली थी। इसके बाद भारतीय सेना ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत जवाबी कार्रवाई की और पाकिस्तान के क्षेत्र में घुसकर आतंकवादी ठिकानों को तबाह किया था।

## झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना की गाड़ी को तेज रफ्तार डंपर ने मारी टक्कर, बाल-बाल बचीं

**झाबुआ।** आज सोमवार सुबह करीब 10 बजे झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना की गाड़ी को उनके सरकारी बंगले के बाहर एक तेज रफ्तार डंपर ने जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे के वक्त कलेक्टर खुद गाड़ी में मौजूद थीं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी डिवाइडर पर चढ़ गई।कार के अगले हिस्से को काफी नुकसान हुआ, लेकिन गनीमत रही कि कलेक्टर समेत ड्राइवर और गार्ड को कोई गंभीर चोट नहीं आई। सूत्रों के मुताबिक, हादसा तब हुआ जब कलेक्टर सुबह तैयार होकर दफ्तर के लिए निकल रही थीं। टक्कर के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और जिला प्रशासन के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। गाड़ी के क्षतिग्रस्त होने की तस्वीर भी सामने आई है।



## राजस्थान में बारिश का रेड अलर्ट, पटना जंक्शन पर ट्रैक डूबा, ट्रेनें फंसी, ओडिशा के गांवों में पानी भरा

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी में बना लो प्रेशर राजस्थान में एक्टिव है। इसके चलते मौसम विभाग ने राजस्थान के 14 जिलों में आज बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इसके साथ 8 जिलों झालावाड़, कोटा, भीलवाड़ा, बांसवाड़ा, बारां, डूंगरपुर, धौलपुर और अजमेर में स्कूलों की छुट्टी घोषित की गई है। बिहार के पटना में रविवार पूरी रात हुई बारिश से हालात बिगड़ गए हैं। पटना जंक्शन पर रेल ट्रैक डूब गया है। स्टेशन के बाहर 2 फीट पानी भर गया है। पटना-गया लाइन की पैसेंजर ट्रेन अलग-अलग स्टेशन पर रुकी हुई हैं।

ओडिशा में भारी बारिश के बाद सुवर्णरेखा, बैतरणी और जलाका नदियों के उफान पर आने के कारण बाढ़ आई है। मयूरभंज, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, सुंदरगढ़ और क्योंझर के प्रभावित इलाकों से 1000 से ज्यादा लोगों को बचाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। देश के बाकी राज्यों में से उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, मध्य महाराष्ट्र, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, असम, मेघालय, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में सोमवार 28 जुलाई को बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। इधर,



महाराष्ट्र में ठाणे के शाहपुर तालुका में भारी बारिश और तेज हवाओं के बीच एक मकान ढह गया। इसमें 55 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई।

**ट्रैक डूबने से पटना-गया लाइन में ट्रेनें फंसीं-** भारी बारिश और पटना जंक्शन के ट्रैक पर पानी जमा होने के कारण पटना-गया लाइन की कई ट्रेनें जहां-तहां फंसी हुई हैं।

## प्रदेश में अति भारी बारिश की चेतावनी

### भोपाल में सुबह से बारिश, ग्वालियर में स्कूलों की छुट्टी

**भोपाल।** कम दबाव का क्षेत्र उत्तर-पश्चिमी मध्य प्रदेश में बना हुआ है। मानसून द्रोणिका भी इससे होकर गुजर रही है। इस वजह से राजधानी सहित पूरे प्रदेश में कहीं तेज तो कहीं धीमी बारिश का सिलसिला बना हुआ है।

राजधानी भोपाल में कल दिन से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला रात में कुछ देर थमने के बाद फिर जारी है। आज सुबह से ही तेज बरसात ने राजधानीवासियों को परेशान कर दिया। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक सोमवार को पूरे प्रदेश में हल्की से मध्यम बौछारें पड़ने की संभावना है। ग्वालियर, चंबल संभाग के जिलों में भारी एवं कहीं-कहीं अतिभारी बारिश हो सकती है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, नर्मदापुरम एवं उज्जैन संभाग के जिलों में मध्यम स्तर की बारिश हो सकती है।

मध्य प्रदेश के 8 जिलों ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, दतिया, अशोकनगर, भिंड, मुरैना और श्योपुर में आज अति भारी बारिश के आसार हैं। वहीं 31 जिलों भोपाल, रायसेन, राजगढ़, सीहोर, विदिशा, इंदौर, अलीराजपुर, बड़वानी, बुरहानपुर, धार, झाबुआ, खंडवा, खरगोन, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, उज्जैन, देवास, आगर-मालवा, शाजापुर, रतलाम, मंदसौर और नीमच में मध्यम बारिश हो सकती है।







# सुंदरी सखी ग्रुप ने मनाया हरियाली तीज उत्सव पौधारोपण के साथ हुए सांस्कृतिक आयोजन

**भोपाल।** हरियाली तीज के पावन अवसर पर सुंदरी सखी ग्रुप द्वारा कृष्ण फार्म हाउस पर उत्सव का आयोजन बड़े उत्साह और धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वृक्षारोपण से हुई, जिसमें ग्रुप की महिलाओं ने मिलकर 51 फलदार पौधे लगाए। श्रीकांत अवस्थी एवं श्रीमती गीता अवस्थी ने इस अवसर पर बताया कि हरियाली को संरक्षित रखने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है और महिलाओं ने हरियाली बचाने की शपथ भी ली। सभी महिलाएं पारंपरिक हरे वस्त्रों में सज-धजकर कार्यक्रम में शामिल हुई। तीज की परंपरा अनुसार महिलाओं ने झूले झूलते हुए गीतों पर नृत्य किया और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया। रंगारंग कार्यक्रम के तहत तंबोला, नृत्य एवं गीत-संगीत की प्रस्तुति ने आयोजन को आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं और सभी ने मिलकर हरियाली तीज को पर्यावरण प्रेम के संदेश के साथ उल्लासपूर्वक मनाया। भावना शर्मा रचना गुरु नंदिनी लोधी डॉक्टर निधि ठाकुर मोना आइडिया पूनम सिंह विनीता राठोर भारतीमेहरा  गुनगुन मारन विनीता राठौर विनीता गंगेले निधि त्रिपाठी संध्या शर्मा प्राची गुप्ता अनामिका रघुवंशी मोना सेंगर उपासना प्रमुख रूप से उपस्थित रही।

## शिव तत्व विचार



भगवान शिव स्वयं तो पूज्य हैं ही लेकिन उन्होंने प्रत्येक उस प्राणी को भी पूज्य बना दिया जो उनकी शरण में आ गया। शिव आश्रय लेने पर वक्र चन्द्र अर्थात वो चन्द्रमा जिसमें अनेक विकृतियां, अनेक दोष हैं पर वो भी वन्दनीय बन गए। जिसे मनुष्यों का जन्मजात शत्रु माना जाता है, वही सर्प जब भगवान शिव की शरण लेकर उनके गले का हार बन जाता है तो फिर पूज्यनीय भी बन जाता है। यह भगवान महादेव के संग का ही प्रभाव है कि शिवजी के साथ-साथ नाग देव के रूप में सर्प को भी सारा जगत पूजता है। भगवान महादेव अपने आश्रित को केवल पुजारी बनाकर ही नहीं रखते अपितु पूज्य भी बना देते हैं। हमें भी यथा संभव दूसरों का सम्मान एवं सहयोग करना चाहिए। जीवन इस प्रकार का हो कि आपसे मिलने के बाद सामने वाले का हृदय उत्साह, प्रसन्नता और आनंद से परिपूर्ण हो जाये।

# एकता पार्क और गोकुलधाम में विधायक शर्मा ने किया शेड और पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का भूमिपूजन



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

कोलार रोड राजवेद राजहर्ष कॉलोनी स्थित एकता पार्क और गोकुलधाम में टीन शेड एवं पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का भूमिपूजन रविवार को विधायक रामेश्वर शर्मा ने किया। इस अवसर पर वार्ड 84 के पार्षद प्रतिनिधि गोलू भैया मारण, एकता पार्क समिति के अध्यक्ष मेजर गंगाधर आरक, सतेंद्र बोहरा, सचिव राजू पाटनकर प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री शर्मा ने कहा कि वार्ड के निवासियों का ही प्रयास है कि आज यह पार्क इतने सुंदर रूप से विकसित हो रहा है। मैं चाहूंगा की सभी लोग इसमें सहयोग करें ताकि बच्चों को खेलने के लिए अच्छा माहौल मिल सके। प्रदेश सरकार की मनसा अनुरूप पौधारोपण भी यहां समय-समय पर करना चाहिए ताकि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी हम आगे बढ़ सके। कार्यक्रम के दौरान राजेश दिवेदी, प्रवक्ता ललित गौर, एस एस कन्थेले, पवन सैनी, प्रदीप चौहान, मनोज पाण्डे, राजेश कुशवाहा, रामेश्वर तिवारी, अशोक परते , गौरव महाल्ले सहित समिति के पदाधिकारी, वार्ड के निवासी एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# आकृति ग्रीन्स सलैया की महिलाओं ने उत्साह  से मनाया हरियाली तीज का त्योहार







**भोपाल ।** आकृति ग्रीन्स परिवार द्वारा परिसर में रविवार 27 जुलाई की शाम को उत्साह के साथ हरियाली तीज महोत्सव मनाया कार्यक्रम के पूर्व महिलाओ ने भगवान शिव एवं माता पार्वती के पूजन के साथ बुर्जगों का आशीर्वाद से कार्यक्रम की शुरुआत किया एवं महिला एवं बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमो की रंगारंग प्रस्तुति . दी एवं बुर्जगो का सम्मान किया कार्यक्रम . के पूर्व महिलाओं के द्वारा वृक्षारोपण किया गया । कार्यक्रम के समाप्ति पर मिष्ठान वितरण किया गया इस अवसर पर आयोजन समिति की सदस्या  वर्षा परचुरे, गीता परिहार । श्वेता श्रीवास्तव  ज्योति  सक्सेना  सुजाता पाधे  बिन्नी प्रसाद निधि पाण्डे  सुषमा पांडे नीता नायक आदि उपस्थित थे ।

## महिलाओं ने मनाई हरियाली तीज



**भोपाल।** कोलार रोड राजवेद राजहर्ष जनकल्याण समिति एकता पार्क महिला मोर्चा की सदस्यों ने एकता पार्क में हरियाली तीज मनाई। इस अवसर पर महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में हरी साड़िया पहनकर पहुंची और परंपरागत रुप से हरियाली तीज पर्व मनाया। इस दौरान सभी ने प्रकृति की अनमोल धरोहर हरियाली को बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने जोर दिया। साथ ही इनके संरक्षण के लिए जागरुक रहने की बात कही। कार्यक्रम में निशा त्रिपाठी, निर्जला पाटनकर, सपना रघुवंशी, नीलू पटेल, रानी सैनी, निरमला सैनी, अन्नू गौर, रजनी गौर, पूनम गौर, निककी यदुवंशी, हेमलता, सविता, पदमा अग्रवाल, नेहा तिवारी, श्रीमती गौर, श्रीमती तिवारी, लक्ष्मी चौहान, श्रीमती गुर्जर, प्रियंका गौतम आदि मौजूद रही।

## भगवान शिव की आराधना सच्चे मन से करने से सभी फल प्राप्त होते है: पं. शास्त्री

**भोपाल।** अयोध्या बायपास स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पर कथा में पंडित केशव शास्त्री ने भगवान भोलेनाथ की लीलाओं का वर्णन करते हुए का की भगवान भोलेनाथ बहुत ही दयालु है और वह भक्तों पर शीघ्र ही दया प्रकट करते हैं भोलेनाथ संसार के रचयिता है और उनकी भक्ति करने वाला कभी भी दुख के साए में नहीं रहता है भगवान भोलेनाथ का प्रिया विल पत्थी एवं धतूरे का फूल है जो भी इन चीजों को उनके ऊपर अर्पण करता है भगवान भोलेनाथ प्रसन्न होकर उनके सारे संकट हर लेते हैं इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद थे।

# हरियाली तीजः  दादाजी धाम मंदिर में हुए धार्मिक आयोजन, महिलाओं ने किया पौधरोपण





सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

दादाजी धाम मंदिर रायसेन रोड पटेल नगर में हरियाली तीज पर प्रातः 9 बजे से श्री हनुमान चालीसा एवं श्री गुरु गीता का सामूहिक पाठ का गुरुदेव के भक्तों द्वारा किया गया। इसके पश्चात भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया। हरियाली तीज पर हरियाली के प्रतीक दादाजी धाम मंदिर में बाउंड्री वॉल के चारों ओर अशोक, आम, जामुन, बेलपत्र,पीपल, बरगद, बादाम,नीम, चंपा, रुद्राक्ष एवं बहुत से वृक्ष लगे हुए हैं इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा, हरे वस्त्र, हरी चूड़ियों से सज धजकर पौधरोपण किया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए धरा को हरा- भरा बनाने का संकल्प लिया। जिसमें वर्धमान सिटी, सिद्धार्थ लेक सिटी एवं पटेल नगर की महिलाएं शामिल हुई। महिलाएं ने अखंड सौभाग्य के लिए निर्जला व्रत रखकर भगवान शिवजी की पूजन, भजन, कीर्तन लोकगीत गायन किया। उपस्थित सभी महिलाओं को दादाजी गुरुदेव चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से सुहाग सामग्री प्रदान की गई है।

# लायन्स क्लब भोपाल का 67वां संस्थापन समारोह संपन्न



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

लायन्स क्लब भोपाल का 67वां संस्थापन समारोह संपन्न हुआ एवं उपरोक्त समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रथम वाइस गर्वनर महेश मालवीय थे एवं की-नोट स्पीकर बाम्बे से पधारे पूर्व इंटरनेशनल डायरेक्टर लायन राजू मनवानी थे, एवं विशेष अतिथि के रूप में डॉ. परमानंद राजानी एवं संस्थापन अधिकारी के रूप रूप में जयपाल सचदेवा थे।  उपरोक्त संस्थापन समारोह में लायन्स क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट चेयर पर्सन लायन संजय गुप्ता एडवोकेट को सम्मानित भी किया गया। संस्थापन समारोह में अध्यक्ष के रूप में मनोहर आसुदानी सचिव के रूप में आशाराम पटेल एवं कोषाध्यक्ष के रूप में अनिल तुलसयानी ने शपथ ली।  संस्थापन समारोह में मुख्य रूप से कमल भण्डारी, डॉ. प्रकाश सेठ, डॉ. आर.के.चौरसिया, रविकांत सक्सेना, पी.सी.कोठारी, प्रकाश बच्चानी, डॉ. राहुल भारती, अर्चना कोठारी एवं गायत्री मालवीय इत्यादि उपस्थित थे।

# नेपाली समाज की कांवड़ यात्रा नर्मदापुरम से पहुंची भोपाल, भगवान पशुपतिनाथ का किया अभिषेक





सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

श्री पशुपतिनाथ नेपाली समाज मंदिर गोविन्दपुरा, भोपाल में प्रति वर्ष की तरह इस साल भी कांवड़ यात्री मध्यप्रदेश की जीवनदायनी मां नर्मदा के जल से भगवान श्री पशुपतिनाथ का अभिषेक किया। 26 जुलाई को नेपाली समाज के 300 से अधिक कावंड़ यात्री बुधनी घाट, नर्मदापुरम से कांवड़ लेकर बोल बम और श्री पशुपतिनाथ भगवान के जयकारों के साथ रवाना होकर रास्ते में रात्रि विश्राम के बाद रविवार दोपहर भोपाल के गणेश मंदिर, हबीबगंज पर कांवड़ यात्रियों का जत्था पहुंचां, जिसका समाज के पदाधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा अगुवानी कर स्वागत किया गया। यह कावड़ यात्रा विभिन्न रास्तों से होते हुए पशुपतिनाथ मंदिर पहुंची। आज  कावड़ यात्रियों द्वारा लाये गये नर्मदा जल तथा दूध से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया।

# कुकिंग प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी महिलाओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

सिंधी मेला समिति द्वारा आयोजित कुकिंग कम्पटीशन के दूसरे दिन भी महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसमें रविवार को उन्होंने कई लजीज डिशेश तैयार कीं। यह कॉम्पीटिशन भोपाल में संत हिरदाराम नगर, पंचवटी, बावड़िया कला, गांधी नगर, ईदगाह, साकेत नगर, सोनागिरी सहित सीहोर, गंजबसौदा, हरदा, विदिशा में भी आयोजित की गई जिसमें लगभग दो हज़ार महिलाओं ने ने हिस्सा लिया। इन सभी विजेताओं को विभिन्न कैटेगरी में मानस भवन में पुरस्कृत किया जायेगा। सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी एवं महासचिव नरेश तलरेजा ने बताया कि रविवार को 10 स्थानों पर इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।



## संत हिरदाराम नगर में 472 से महिलाओं ने लिया भाग

सिंधी मेला समिति द्वारा आयोजित कुकिंग प्रतियोगिता में संत नगर की महिलाओं ने बढ़चड कर उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया, संत नगर में दो स्थान जिसमे ठाकुर आसनदास धर्मशाला में 220 महिलाओं ने और एच वार्ड स्थित झूलेलाल मंदिर में 252 महिलाओं ने भाग लिया। इन दोनों सेंटरो में जज के रूप में दिव्या दरियानी, भावना जगवानी, पिकी ललवानी, चेतना वाध वाणी, सुनीता कालरा, ऋतु कुकरेजा, इंदु वासवानी, रश्मि तलरेजा इन दोनों सेंटरो पर निर्णायक के रूप में उपस्थित रही, इतनी संख्या में महिलाओं को इस आयोजन में आमंत्रित करने के लिए  किरण वाधवानी को सम्मानित किया गया।

मन की बात में प्रधानमंत्री मोदी ने स्वच्छता के लिए भोपाल की टीम, सकारात्मक सोच और बुंदेलखंड के ऐतिहासिक किलों का किया उल्लेख

# 10 अगस्त को होगा भोपाल की सीमा के पास विशाल रेल कोच निर्माण इकाई का भूमि पूजन



## प्रधानमंत्री मोदी का मन की बात कार्यक्रम देशवासियों से सीधे संवाद का प्रभावी माध्यमः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल । मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ÷मन की बात÷ कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड के ऐतिहासिक किलों की विशिष्टता और भोपाल की स्वच्छता के प्रति जागरूक महिलाओं की सराहना कर उत्साहवर्धन और प्रेरणा प्रदान करना दिव्य ऊर्जा और नवसंकल्प से अभिभूत करता है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जन-जन की शक्ति को राष्ट्र के नव निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर में बड़ी सफलता मिली, कारगिल विजय दिवस भी हमारी सेना के शौर्य के स्मरण का महत्वपूर्ण अवसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जन-जन को समर्थ बनाने के लिए राज्य सरकार रोजगार और स्वावलंबन की दिशा में कार्य कर रही है। मेहनतकश लोगों के लिए उद्योगों के रूप में मंदिर बनाने का क्रम राज्य में निरंतर जारी है। भोपाल की सीमा के पास रायसेन में विशाल रेल कोच निर्माण इकाई का भूमिपूजन 10 अगस्त को होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को मन की बात के 124वें संस्करण का भोपाल के वार्ड क्रमांक 50 स्थित शील पब्लिक स्कूल में स्थानीय रहवासियों के साथ श्रवण करने के बाद यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर स्थानीय रहवासियों के साथ बरगद का पौधा भी रोपा। प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि भोपाल की एक टीम का नाम सकारात्मक सोच है, इसमें 200 महिलाएं हैं। ये सिर्फ सफ़ाई नहीं करती, सोच भी बदलती हैं। एक साथ मिलकर शहर के 17 पार्कों की सफ़ाई करना, कपड़े के थैले बाँटना, इनका हर कदम एक संदेश है। ऐसे प्रयासों की वजह से ही भोपाल भी अब स्वच्छ सर्वेक्षण में काफी आगे आ गया है। साथ ही प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि बुन्देलखंड में ऐसे कई किले हैं, ग्वालियर, झांसी, दतिया, अजयगढ़, गढ़कुंडार, चंदेरी। ये किले सिर्फ ईंट-पत्थर के नहीं हैं, ये हमारी संस्कृति के प्रतीक हैं। संस्कार और स्वाभिमान, आज भी इन किलों की ऊंची-ऊंची दीवारों से झांकते हैं। मैं सभी देशवासियों से आग्रह करता हूँ कि इन किलों की यात्रा करें, अपने इतिहास को जानें, गौरव महसूस करें।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मन की बात कार्यक्रम सुनने के लिए एकत्र हुए स्थानीय रहवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री मोदी का मन की बात कार्यक्रम, देशवासियों से सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम बन गया है और इससे देशभर की प्रेरणादायक जानकारियां मिलती हैं, जो राष्ट्र निर्माण के मार्ग में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

असम के काजीरंगा पार्क में हो रही पक्षियों की गणना हो या गुप्त गोदावरी में चल रहा स्वच्छता अभियान, मन की बात कार्यक्रम से जनता की इस तरह की पहल से पूरा देश अवगत होता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल ने स्वच्छता में रैंकिंग से जो अपनी पहचान बनाई है उसके लिए भोपाल वासी बधाई के पात्र हैं। भोपाल के रातापानी अभयारण को डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर नाम दिया गया है, यह अभयारण अपने आप में विशिष्टता लिए हुए हैं। नगरीय बसाहट के 15 किलोमीटर दूरी पर टाइगर अभयारण होना विश्व में अनूठा है। यह जियो और जीने दो की संस्कृति व वन्य प्राणी और मनुष्य के सह अस्तित्व की भावना का जीवंत उदाहरण है। यह बताता है कि हम समूची पृथ्वी को एक कुटुंब की तरह देखते हैं और प्रकृति के साथ परमात्मा को जोड़ते हुए वसुधैव कुटुम्बकम के भाव का पालन करते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सावन का महीना रक्षाबंधन का त्योहार लेकर आता है। राज्य सरकार ने इस अवसर पर लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत रक्षाबंधन का त्यौहार मनाने के लिए अतिरिक्त रूप से 250 रुपए की राशि बहनों को शगुन के रूप में देने का निर्णय लिया है। प्रदेश की एक करोड़ 29 लाख बहनों के खाते में यह राशि डाली जाएगी। भारतीय संस्कृति में विद्यमान त्योहारों की परंपरा जीवन को सकारात्मक व आनंददाई बनाते हुए परिवार परंपरा को सशक्त करती है। हमारी संस्कृति मातृ प्रधान संस्कृति है, हम सृष्टि में भी माता का रूप देखते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा की सावन माह का प्रत्येक दिन, रक्षाबंधन के भाव से मनाया जाए। हमारे त्यौहार सामाजिक समरसता का प्रतीक है, इन्हें इसी भाव से मनाना चाहिए। इसीलिए सभी त्यौहारों को राज्य सरकार के माध्यम से मनाने का संकल्प लिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की माहेश्वरी और चंदेरी साड़ियों के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए भी बहन-बेटियों को प्रेरित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि क्षेत्रीय स्तर पर इन्वेस्टर समिट का क्रम निरंतर जारी है। शनिवार को रीवा में हुई पर्यटन समिट में 3000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। रोजगार आधारित उद्योग लगाने पर राज्य सरकार, उद्योग समूहों को विशेष सहायता उपलब्ध करा रही है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष श्री रविन्द्र यति, सामाजिक कार्यकर्ता श्री राहुल कोठारी, गुलमोहर रहवासी संघ के पदाधिकारी तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने की मेट्रो ट्रेन की सवारी



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार भोपालवासियों को बहुत जल्द (अक्टूबर 2025 तक) मेट्रो ट्रेन की अनुपम सौगात दे देने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि इंदौर में यात्री मेट्रो सेवा शुरू हो चुकी है। जनता से इसे बहुत अच्छा रिस्पांस मिला है। भोपाल मेट्रो ट्रेन का काम भी तेजी से जारी है। कुछ काम शेष रह गया है, जो डेढ़ से दो महीने में पूरे कर लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भोपाल मेट्रो का टेस्ट रन चल रहा है। रिसर्च डिजाइन स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन (आरडीएसओ) द्वारा भोपाल मेट्रो निरीक्षण पूरा कर लिया गया है। शीघ्र ही कमिश्नर, मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) निरीक्षण के लिए आएंगे। कमिश्नर रेल सेफ्टी से अनुमति मिलते ही भोपाल मेट्रो ट्रेन का प्रायोरिटी कॉरीडोर आमजन के लिए खोल दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को भोपाल मेट्रो ट्रेन के कार्यों का बारीकी से मुआयना करने के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, अपर मुख्य सचिव, नगरीय विकास एवं आवास श्री संजय दुबे, समाजसेवी श्री रविन्द्र यति, श्री राहुल कोठारी, सहित एमपी मेट्रो ट्रेन कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को भोपाल मेट्रो ट्रेन की सवारी कर इसकी ट्रायल यात्रा (टेस्ट रन) की। मुख्यमंत्री ने तीन डिब्बों वाली मेट्रो ट्रेन में सुभाष नगर स्टेशन से एम्स तक और वापसी में एम्स से आरकेएमपी स्टेशन तक टेस्ट रन लेकर इसमें मौजूद सुविधाओं और खूबियों को जाना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार नागरिक सुविधाएं बढ़ाने के लिए तेजी से अग्रसर है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इंदौर और भोपाल शहर को मेट्रो ट्रेन की सौगात दी है। उनके मार्गदर्शन में हमारी सरकार भोपाल मेट्रो ट्रेन का शीघ्र लोकार्पण करने की तैयारी कर रही है। उन्होंने मेट्रो ट्रेन के सफर को आनंददायक बताते हुए कहा कि हम जल्द से जल्द भोपाल के हर नागरिक को इस आनंदमयी यात्रा का उपहार देना चाहते हैं। मेट्रो की यात्रा से पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल मेट्रो रेल के प्रायोरिटी कॉरीडोर के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन के समीप स्थापित मेट्रो ट्रेन के सेंट्रल कंट्रोल रूम (कमांड सेंटर) भी पहुंचे और वहां से मेट्रो ट्रेन संचालन के बारे में तकनीकी जानकारी प्राप्त की। अपर मुख्य सचिव श्री संजय दुबे ने मुख्यमंत्री को मेट्रो ट्रेन के लिए अबतक के विकास घटनाक्रम की विस्तार से जानकारी दी।

# इन्फ्लूएंसर प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र को देश और दुनिया के सामने लाएं : उप मुख्यमंत्री शुक्ल




### रीवा में हुई एमपी टूरिज्म इन्फ्लूएंसर मीट

भोपाल। उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने इन्फ्लुएंसर्स से कहा कि मध्यप्रदेश जैव विविधताओं से समृद्ध प्रदेश हैं। विंध्याचल प्राकृतिक सौंदर्य से आच्छादित हैं। यहां के जलप्रपात विदेशों से भी अच्छे हैं। उन्होंने इन्फ्लुएंसर्स से आग्रह किया कि प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र को देश और दुनिया के सामने लाने के लिए सहभागी बनें और अपने कॉटेंट में विंध्य क्षेत्र के पर्यटन स्थलों की खूबसूरती को भी शामिल करें। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के अनछुए और दर्शनीय स्थलों को बढ़ावा देने और प्रदेश के पर्यटन को डिजिटल माध्यम से देश दुनिया से अवगत कराने के उद्देश्य से रीवा टूरिज्म कॉन्क्लेव के अंतर्गत रीवा स्थित होटल सायाजी में एमपीटी इन्फ्लुएंसर मीट का आयोजन किया। इस मीट में प्रदेश के साथ साथ अन्य राज्यों के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स ने हिस्सा लिया। जिसमें पैनल डिस्कशन के साथ साथ इन्फ्लुएंसर्स फन गेम्स, फन क्विज, वीआर एक्सपीरियंस और कैप्शन दिस जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने मध्यप्रदेश के साथ साथ अन्य स्थानों के कॉन्टेंट क्रिएटर्स द्वारा यहां की खूबसूरती को लेकर बहुत अच्छा कॉटेंट तैयार कर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने पर प्रसन्नता व्यक्त की। प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम डॉ. इलैयाराजा टी ने कहा कि मध्यप्रदेश की परंपरा के अनुसार हम पर्यटकों का यहां स्वागत करते हैं। उज्जैन में हमने समृद्ध विरासत को संजोते हुए नवनिर्मित होटल सम्राट विक्रमादित्य द हेरिटेज को शुरू किया है, जो आध्यात्मिकता का अनुभव की अनूठी यात्रा के साथ आधुनिकता से भी अवगत कराएगा। अपर प्रबंध निदेशक, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड सुश्री बिदिशा मुखर्जी ने कहा कि मध्यप्रदेश में यूनेस्को की स्थायी सूची में शामिल 3 धरोहरों में खजुराहो, भीमबेटका और सांची के स्तूप हैं और 15 धरोहरें अस्थायी सूची में शामिल हैं। दो ज्योतिर्लिंग और दो शक्तिपीठ हैं और 241 होम स्टे हैं।

### उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रीवा में एसडीएम हुजूर कार्यालय भवन का किया लोकार्पण



भोपाल। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा में नवनिर्मित एसडीएम हुजूर कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि जब हमें कार्य करने के लिए अच्छा भवन और उचित सुविधाएं मिलती हैं तो हमें पूरी कार्यक्षमता से कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। नवनिर्मित एसडीएम कार्यालय भवन संभवत÷ प्रदेश में सबसे सुसज्जित एसडीएम कार्यालय है। इसी तरह रीवा के कलेक्ट्रेट और नवीन न्यायालय भवन को भी सबसे अनूठा बनाया गया है। अब नए भवन में पटवारियों को बैठने के लिए भी उचित स्थान मिल रहा है। व्यवस्थित मीटिंग हाल में योजनाओं की प्रभावी समीक्षा होगी। रीवा को हर क्षेत्र की तरह राजस्व क्षेत्र में भी अव्वल बनाना है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि नए भवन में प्रत्येक कोर्ट के बाहर प्रकरणों की सुनवाई के संबंध में भी विवरण प्रदर्शित किया जाएगा और इससे पक्षकारों और वकीलों को बड़ी सुविधा मिलेगी। हम सबका मूल उद्देश्य आमजनता की सेवा करना है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भवन में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। दो बड़े मीटिंग हाल, तीन ओर से प्रवेश की सुविधा, पार्किंग तथा अन्य सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने अच्छे भवन निर्माण के लिए पीआईयू के अधिकारियों और निगरानी के लिए राजस्व अधिकारियों को बधाई दी। शासन के निर्देशों अनुसार यहाँ एक अगस्त से चार राजस्व अधिकारी दिनभर केवल राजस्व प्रकरणों की सुनवाई करेंगे। नवीन भवन का निर्माण सात करोड़ 82 लाख 8 हजार रुपए की लागत से किया गया है और इसमें तीन तल पर कुल 36 हजार वर्गफिट स्थान उपलब्ध है।

### भोपाल की बंद कपड़ा मिल के श्रमिकों की अनदेखी पर मुख्यमंत्री की चुप्पी : यादव

भोपालः समाजवादी पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव ने आज एक प्रेस वार्ता में प्रदेश की बंद पड़ी मिलों, विशेषकर भोपाल की कपड़ा मिल के श्रमिकों की दयनीय स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भोपाल की यह ऐतिहासिक कपड़ा मिल पिछले 5 वर्षों से बंद पड़ी है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि मिल परिसर की देखरेख में तैनात सुरक्षाकर्मी, सफाईकर्मी, इलेक्ट्रीशियन व अन्य ज़रूरी स्टाफ को पिछले 10 महीनों से वेतन नहीं मिला है। यह केवल आर्थिक संकट नहीं, बल्कि प्रशासनिक संवेदनहीनता का सबसे बड़ा उदाहरण है। भूख, बेरोज़गारी और कर्ज़ के चलते कई श्रमिकों ने आत्महत्या जैसे कदम तक उठा लिए हैं, लेकिन सरकार अभी तक मूकदर्शक बनी बैठी है।

# इंदौर शहर को हरा-भरा बनाना हम सब की जिम्मेदारी: मंत्री विजयवर्गीय

### 11 हजार पौधों के वृहद पौधरोपण अभियान का शुभारंभ

भोपाल। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि इंदौर शहर को हरा-भरा बनाना हम सब की जिम्मेदारी है। हमें बच्चों को विरासत के रूप में यह हरियाली देकर जाना है। यह संपत्ति सोने-चांदी से भी मंहगी है। उन्होंने कहा कि मुझे गर्व है कि इंदौर में पौधरोपण के लिये जागृति है। मंत्री श्री विजयवर्गीय रविवार को इंदौर में 3 करोड़ रूपये की लागत से किये जाने वाले विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि क्षेत्र में आज से एक हजार पौधे और लगातार 11 दिनों तक एक-एक हजार पौधे लगाए जाएंगे। इस तरह 11 हजार पौधे पार्षद श्रीमती ममता सुभाष सुनेर के नेतृत्व में लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान का आह्वान किया। हम सब को इसे पूरा करना है।




मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि सावन के महीने में एक पौधा लगाना एक शिव मंदिर के निर्माण के समान है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति, हमारी विरासत महान है। यूनेस्को ने हमारे कई किलों को विश्व विरासत सूची में जगह दी गई है। हमारे किले-महल अनुसंधान के केंद्र है। उस समय इनको बनाने में शुद्ध वायु के आवागमन का ख्याल रखा जाता था इसलिए ये किले हजार साल पहले बगैर एयर कंडिशनर (ऐसी) के शीतल रहते थे।

इस अवसर पर इंदौर को आठवीं बार स्वच्छता का सिरमौर बनाने पर वार्ड-15 की समस्त महिला सफाई मित्रों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया और उपहार स्वरूप साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर मन की बात कार्यक्रम का सामूहिक रूप से सुना गया।

# विंध्य की वादियों से मध्यप्रदेश के पर्यटन को मिलेगा नया आयाम : शुक्ल

भोपाल । उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में अधोसंरचना विकास, पारंपरिक संस्कृति का संरक्षण एवं प्रोत्साहन और पर्यटन क्षेत्र में निजी सहभागिता से पर्यटन सेक्टर को बढ़ाने के सुनियोजित एवं एकीकृत प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों से आज मध्यप्रदेश पर्यटन क्षेत्र में असीम क्षमता और निवेश का आकर्षक क्षेत्र बन गया है। मध्यप्रदेश सरकार पर्यटन को अर्थव्यवस्था, रोजगार और सांस्कृतिक गौरव का आधार बना रही है। उन्होंने कहा कि किसी क्षेत्र में यदि औद्योगिक क्रांति, हरित क्रांति और पर्यटन क्रांति आ जाये तो उस क्षेत्र का विकास तीव्र गति से होता है। ऐसे क्षेत्रों में रोज़गार के अवसर सृजित होते हैं। विंध्य की धरोहर, प्रकृति और संस्कृति को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र पर स्थापित करने की अपार संभावनाएं हैं। रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव जैसे आयोजन निवेश, संवाद और भागीदारी के माध्यम से इस दिशा में सार्थक कदम हैं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल रविवार को रीवा में दो दिवसीय रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव के दूसरे दिन प्रथम सत्र के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। कॉन्क्लेव के समापन दिवस पर पर्यटन, निवेश, संस्कृति और कनेक्टिविटी जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर केंद्रित तीन संवाद सत्र आयोजित किए गए। वन पथों से विरासत की कहानियों तक रीवा का पर्यटन पुनर्जागरण, मध्यप्रदेश में समग्र पर्यटन अनुभव का निर्माण और मध्यप्रदेश में पर्यटन, फिल्म और आतिथ्य क्षेत्र में निवेश प्रोत्साहन के अवसर पर सत्र हुए। देशभर से आए पर्यटन विशेषज्ञों, निवेशकों और प्रशासनिक अधिकारियों ने सत्रों में मध्यप्रदेश, विशेष रूप से विंध्य क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाओं पर विचार साझा किए।

पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि वर्तमान में पर्यटन उद्योग वैश्विक अर्थव्यवस्था में सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में पर्यटन अधोसंरचनाओं के निर्माण और पर्यटन सुविधाओं के विकास के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। हाल ही में हमने मध्यप्रदेश में एयर कनेक्टिवटी को बढ़ाते हुए पीएमश्री वायु सेवा योजना के अंतर्गत प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों को एक दूसरे से जोड़ा है। हम जल्द ही हेली सेवा भी शुरू करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की पर्यटन नीति के अंतर्गत निवेश में अनुमतियों को सरल किया गया है।

प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि पर्यटन एक ऐसा क्षेत्र है, जो सीमाओं के बंध में नहीं हैं। उत्तर प्रदेश की सीमा से विंध्य क्षेत्र जुड़ा हुआ है, रोड, रेल और एयर कनेक्टिवटी काफी बेहतर हैं। मां गंगा से मां नर्मदा तक प्रस्तावित पर्यटन कॉरिडोर परियोजना के तहत मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थलों को जोड़ने का प्रयास है। प्रयागराज, अयोध्या, वाराणसी, ओंकारेश्वर और महाकालेश्वर से गुजरने वाले इस गलियारे में दोनों राज्यों के बीच पर्यटन सहयोग को बढ़ावा मिलेगा, पर्यटकों को एक समृद्ध और विविध अनुभव मिलेगा साथ ही धार्मिक, सांस्कृतिक, स्वास्थ्य और विरासत पर्यटन को आकर्षित करने में सहयोग प्राप्त होगा।

# भोपाल से अमरनाथ यात्रा के लिए पहुंचे महाकाल युवा जत्थे की भव्य स्वागत के साथ हुई वापसी

भोपाल। श्री महा कालका युवा उत्सव समिति, भोपाल, मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित 29वीं वर्ष श्री अमरनाथ यात्रा का समापन सफलतापूर्वक हुआ। इस पवित्र यात्रा के दौरान संपूर्ण भारत से जुड़े श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ के दर्शन कर आज वापस भोपाल पहुंच गया। जत्था का स्वागत स्टेशन पर फोटो जर्नलिस्ट वेलफेयर समिति अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह एवं समिति सदस्यों द्वारा भव्य रूप से किया गया। जत्था के प्रमुख समिति अध्यक्ष राकेश कुमार रायकवार के नेतृत्व में इस धार्मिक अभियान की शुरुआत दुर्गा नगर से तिलक समारोह के साथ की गई थी, जहां समाजसेवियों और नागरिकों ने पुष्प वर्षा के साथ यात्रियों को रवाना किया। वापसी पर भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ सभी यात्रियों का अभिनंदन किया गया।



**मुख्य सहयोगियों में शामिल थेः** संदीप सिंह (गुरु नानक पंजाबी ढाबा), विजय सिंह भदौरिया, मुकेश कृपलानी, राजा मरेले, मोनू मरेले, राजवीर मीणा, गब्बर सिंह ठाकुर, प्रणव शर्मा, सुभाष सोनी, श्याम बाबा अग्रवाल, सतीश जैन, बलवंत सिंह ठाकुर, कुणाल अग्रवाल, राम शर्मा, सागर चावला, मुकेश शर्मा, कमल चावला, दुबे जी, पिंकू कश्यप, प्रवीण भार्गव, पार्षद प्रियंका मिश्रा एवं अनिल मिश्रा।

समिति हर वर्ष इस यात्रा का आयोजन करती है और समाज में धार्मिक एकता व सेवा भावना को बढ़ावा देती है। इस बार भी यात्रियों ने श्रद्धा, अनुशासन और समर्पण के साथ कठिन ट्रैक पार कर बाबा अमरनाथ के पवित्र गुफा में दर्शन किए। यात्रा की सफलता के पीछे समर्पित टीम और समिति की महीनों की तैयारी का बड़ा योगदान रहा। श्री राकेश रायकवार ने सभी सहयोगियों और समर्थकों का आभार प्रकट किया एवं भविष्य में भी ऐसे धार्मिक आयोजनों के लिए संकल्प दोहराया।

# नगरीय निकायों में विकास कार्यों में अनियमितता बरतने वाले ठेकेदारों के विरूद्ध होगी कार्रवाई

भोपाल । आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री संकेत भोंडवे ने कहा है कि नगरीय क्षेत्र में विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी। जिन ठेकेदारों ने कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी की है और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर निविदा प्रक्रियाओं को प्रभावित किया है उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। प्रदेश में 8 कंपनियों के ठेकेदारों को उनके कार्यों आदि के परीक्षण के बाद ब्लैकलिस्ट किया गया है। यह कंपनियां आगामी निविदा प्रकियाओं में भाग नही ले सकेंगी।

### ब्लैक लिस्टेड कंपनियां

नगरीय प्रशासन विभाग ने जिन कंपनियों को ब्लैक लिस्ट किया है उनमें मेसर्स यादव ट्रेडर्स (खरगौन), मेसर्स हेमन्त जैन एण्ड एसोसिएट्स (इन्दौर), मेसर्स कार्तिक इन्टरपाईजेस (इन्दौर), मेसर्स शिवम कन्स्ट्रक्शन (शिवपुरी), मेसर्स विक्की कुमार तुरकोलिया (चम्पारण, बिहार), मेसर्स यशोदा मार्केटिंग (पटना, बिहार), मेसर्स के.एल.डी. क्रिएशन इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि. (कानपुर, उत्तरप्रदेश) और मैसर्स पौराणिक ट्रेडर्स नागौद शामिल हैं। इसके अलावा अमृत 2.0 योजना अंतर्गत 44 निविदाकारों द्वारा निविदा स्वीकृत होने के उपरांत अनुबंध की कार्यवाही नहीं करने से गुण दोष के आधार पर सस्पेंशन और ब्लैकलिस्टिंग पर भी विचार किया जा रहा है।

आयुक्त श्री संकेत भोंडवे ने बताया कि यह कार्रवाई विभाग द्वारा गुणवत्ता सुधार और कार्यों की धीमी गति को दुरूस्त करने के लिये एक मिशन के रूप में की जा रही है। इसके तहत ठेकेदारों द्वारा की गई अनियमितताओं और खराब गुणवत्ता के कारण उन्हें ब्लैकलिस्ट किया गया है और अब वे भविष्य में लोक निर्माण विभाग के पोर्टल पर काली सूची में दर्ज होंगे।

आयुक्त श्री भोंडवे के अनुसार अन्य ठेकेदारों के खिलाफ भी जांच की प्रक्रिया जारी है और उन्हें जल्द ही ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। इस कठोर कदम के माध्यम से विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्वक और समय पर पूरे हों।

## संपादकीय

# भगदड़ और मौतें

हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर पैदल मार्ग पर रविवार की सुबह नौ बजे करंट लगने की अफवाह से भगदड़ मच गई। इस हादसे में एक 12 साल के बालक सहित आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 30 लोग घायल हो गए। किसी धार्मिक स्थल पर भगदड़ की यह पहली घटना नहीं, लेकिन इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि पुरानी गलतियों से सबक नहीं लिया जा रहा।

घटना का जो ब्यौरा सामने आया है, उसके अनुसार मनसा देवी मंदिर के मार्ग पर बनी दीवार पर तारों को पकड़कर श्रद्धालु आगे की तरफ बढ़ रहे थे और करंट लगने के बाद भगदड़ मच गई। लोगों ने मीडिया से बातचीत में बताया कि एक ही मार्ग से लोग आ और जा रहे थे। पीछे से भीड़ का धक्का आया और अचानक भगदड़ मच गई। नीचे दब गए और घुटन होने लगी और फिर बदहवास हो गए। जब होश आई तो खुद को अस्पताल में पाया। भीड़ और भगदड़ का वो मंजर जेहन में आते ही दहशत बन जा रही है। हादसे का भयावह मंजर बताते हुए अस्पताल में भर्ती श्रद्धालु सहमे हुए दिखाई दिए। सभी ने यही बताया कि सीढ़ियों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मौजूद थी और अचानक लोग भागने लगे, जिससे मंदिर में दर्शन के लिए आने-जाने वाले श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी मच गई।

इस हादसे की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार पहुंचकर घायलों का हाल जाना। मृतकों के परिवारों को दो-दो लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये आर्थिक सहायता की घोषणा की। अफवाह फैलाई गई थी कि बिजली का तार टूटा और करंट फैला है। मगर जिनकी मौत हुई हैं, उनमें करंट जैसी कोई बात सामने नहीं आई। ये अफवाह किसने फैलाई इस पूरे प्रकरण को लेकर मजिस्ट्रियल जांच भी की जाएगी।

नजर दौड़ाएं तो पिछले एक साल के दौरान इस तरह के कई दुखद हादसे हो चुके हैं। पिछले साल जुलाई में ही हाथरस में एक धार्मिक आयोजन में मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई थी। वहां आयोजक भीड़ को नहीं संभाल पाए। बल्कि देखा जाए तो इस हादसे के लिए तो पूरी तरह से आयोजक ही जिम्मेदार रहे, लेकिन उन्हें क्लीन चिट दे दी गई। इस साल जनवरी की शुरुआत में तिरुपति मंदिर में टोकन लेने के लिए हद से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच गए और पुलिस उनको काबू नहीं कर सकी। वहां भगदड़ मची और 6 लोगों की जान चली गई। इसी साल, मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में और उसके बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भी हादसा हुआ।

देखा जाए तो धार्मिक आयोजनों में भीड़ प्रबंधन हमेशा से बड़ी चुनौती रहा है। अनुमान से ज्यादा लोग जब एक जगह जुट जाते हैं, तब हल्की-सी भी चूक जानलेवा बन सकती है। इन सारे मामलों में यही वजह रही- कोई अफवाह, भीड़ का अनियंत्रित हो जाना और बचकर निकलने की जगह न मिलना। किसी भी बड़े आयोजन का सबसे अहम हिस्सा है क्राउड मैनेजमेंट यानि भीड़ प्रबंधन। जरूरी नहीं है कि भीड़ के बारे में लगाया गया अनुमान हमेशा सही साबित हो। ऐसे में रियल टाइम मॉनिटरिंग महत्वपूर्ण हो जाती है, जिससे स्थिति के हिसाब से तुरंत निर्णय लिया जा सके।

इस तरह की कोई दुर्घटना होने की सूरत में बचाव की योजना पहले से तैयार रहनी चाहिए। लेकिन, देखा गया है कि ज्यादातर मौकों पर पहले से की गई योजना ही फेल हो जाती है, क्योंकि अक्सर वहां इंतजाम पर्याप्त नहीं किये जा सके। अधिकांश धार्मिक स्थलों पर फैली अव्यवस्था को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। फिसलन भरे रास्ते, संकरी जगह, आने-जाने का एक ही मार्ग जैसी बातें लगभग हर जगह देखने को मिल जाएंगी। ऐसे में जब किसी खास मौके पर भीड़ बढ़ती है तो स्वाभाविक ही हादसे की आशंका भी बढ़ जाती है, जैसा सावन पर मनसा देवी में हुआ।

पिछले दिनों बेंगलुरु में आईपीएल के इवेंट में हुए हादसे के बाद कर्नाटक सरकार क्राउड कंट्रोल पर एक बिल लेकर आई है, जिसमें जिम्मेदारियां तय की गई हैं। ऐसे कानून की हर जगह आवश्यकता है। कानून बनाने के साथ ही, ऐसी दुर्घटनाओं से बचने के लिए आयोजकों, पुलिस-प्रशासन और जनता को समन्वय बनाकर काम करना होगा। उन्हें भीड़ नियंत्रण का प्रशिक्षण भी समय-समय पर दिया जाना चाहिए। जिन धार्मिक स्थलों पर भीड़ ज्यादा होती है, वहां विशेष तौर पर आने और जाने वाले रास्ते अलग हों, साथ ही आपातकालीन द्वार जैसी व्यवस्था भी होना चाहिए।

# प्रशासन में नवाचार की मिसाल:2 बार राष्ट्रपति और एक बार प्रधानमंत्री से सम्मानित



सुरेश तिवारी



इस बार जिनके बारे में बताने जा रहा हूँ,वे शायद देश की बिरली महिला कलेक्टर है जो अपने नवाचार के लिए दो बार राष्ट्रपति और एक बार प्रधानमंत्री के हाथों सम्मानित हुई। हम बात कर रहे हैं 2014 बैच की अधिकारी नेहा मीना की, जो वर्तमान में मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल झाबुआ जिले की कलेक्टर है। देश के 710 कलेक्टर्स में सिर्फ 16 को नवाचारों के लिए प्रधानमंत्री के हाथों एक्सीलेंस अवॉर्ड से अलंकृत किया गया जिसमें एक नेहा मीना भी है । नेहा मीना को पहले भी अच्छे कामों के लिए दो बार राष्ट्रपति के हाथों अवॉर्ड मिल चुके है।

नवाचार, मातृधरा अभियान और शिक्षा से लेकर जन-स्वास्थ्य तक नेहा मीना के संकल्पों ने जनजातीय बहुल झाबुआ को देश का मॉडल जिला बना दिया है

राजस्थान के करौली गांव की नेहा मीना ने इकॉनोमिक्स में रूकिया। उन्होंने दिल्ली में नीति आयोग में भी काम किया, जिससे उन्हें नीति निर्माण और प्रशासनिक सोच को गहराई मिली। उनके प्रशासनिक नेतृत्व में झाबुआ ने शिक्षा, स्वास्थ्य, जड़ी बूटी, कुपोषण उन्मूलन, जल प्रबंधन और डिजिटल लैंड रिकॉर्ड्स जैसे क्षेत्रों में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

नेहा मीना की सबसे बड़ी उपलब्धि कुपोषण मुक्त झाबुआ अभियान है, जिसके तहत उन्होंने 'मोटी-आई' मॉडल शुरू किया। इस मॉडल में गांव की बुजुर्ग महिलाओं को 'मोटी-आई' बनाकर, कुपोषित बच्चों की देखभाल, पोषण और निगरानी की जिम्मेदारी दी गई। हर कुपोषित बच्चे के लिए पर्सनल केयर कार्ड बनाया गया और उनकी प्रगति की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की गई। स्थानीय भीली बोली में 'मोटी आई' का अर्थ 'बड़ी मां' होता है। इन बुजुर्ग महिलाओं ने बच्चों को आयुर्वेदिक तेल से मालिश, पौष्टिक आहार और प्यार देकर उन्हें गंभीर कुपोषण से बाहर निकाला। खास बात यह रही कि जिन बच्चों के माता-पिता पलायन कर जाते थे, उनके लिए ये 'मोटी आई' किसी वरदान से कम नहीं रहीं। इस नवाचार से छह महीने में जिले में कुपोषित बच्चों की संख्या 10,691 से घटकर 6,240 और गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों की संख्या 1,613 से घटकर सिर्फ 81 रह गई।

**ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं और स्वास्थ्य में नवाचार:** नेहा मीना ने हर घर जल योजना के तहत जिले के हर घर तक स्वच्छ जल पहुंचाने का लक्ष्य पूरा किया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या काफी हद तक दूर हुई। प्रधानमंत्री आवास योजना को भी उन्होंने तेजी से लागू किया, जिससे हजारों गरीब परिवारों को पक्के घर मिले। किसानों को 100त्न मृदा कार्ड वितरण, 3000 से अधिक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, और पोषण सखियों को ट्रेनिंग देने जैसे नवाचारों से झाबुआ का ग्रामीण जीवन स्तर बेहतर हुआ।

**शिक्षा, तकनीक और राष्ट्रीय पहचान:** नेहा मीना के नेतृत्व में झाबुआ में शिक्षा, स्वास्थ्य, जल प्रबंधन और डिजिटल लैंड रिकॉर्ड्स में भी उल्लेखनीय सुधार हुए हैं। वे खुद स्कूलों में पढ़ाने जाती हैं, जिससे बच्चों में उनका खास लगाव है।

उनके प्रशासनिक काल में जिले में मातृधरा अभियान भी शुरू किया गया, जिसमें नारी शक्ति से प्रकृति को शक्ति के संदेश को अपनाते हुए महिलाओं और बेटियों की सक्रिय भागीदारी से पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण और हरियाली का विस्तार किया गया। झाबुआ की महिलाओं ने भजनों, समूह गतिविधियों और गिफ्ट ए प्लांट जैसे आयोजनों से गांव-गांव हरियाली की चेतना जगाई और मां प्रकृति को बचाने का नया समाजिक उत्सव शुरू किया।

झाबुआ में जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में नेहा मीना को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य ने उन्हें इस सम्मान का पात्र बनाया। निर्वाचन आयोग ने चुनावों के संचालन में आईटी पहल, सुरक्षा प्रबंधन, चुनाव प्रबंधन, सुलभ चुनाव, मतदाता सूची और मतदाता जागरूकता अभियान में उनके योगदान और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें इस पुरस्कार से नवाजा गया।

इससे पहले नीमच में अपर कलेक्टर रहते हुए 18 जुलाई 2023 को राष्ट्रपति ने उन्हें 'भूमि समान प्लैटिनम अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया था। इस दौरान नेहा ने भू-अभिलेख के आधुनिकीकरण, ग्राम नक्शों के डिजिटाइजेशन, अभिलेखागार के मॉर्डनाइजेशन और लैंड रिकॉर्ड्स के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किए। नेहा मीना का प्रशासनिक दृष्टिकोण दूरदर्शिता, सामाजिक न्याय और मानवीय संवेदना की मिसाल है। उन्होंने शासन को केवल सरकारी आदेशों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उनकी नेतृत्व शैली में जमीनी सतही सत्य, पारदर्शिता और सामुदायिक भागीदारी को सर्वोपरि स्थान दिया।

'मोटी-आई' एवं मातृ धरा जैसे मौलिक नवाचार न केवल झाबुआ की तस्वीर बदलने वाले साबित हुए हैं, बल्कि उन्होंने प्रशासनिक सेवा के लिए भी नए मानक प्रस्तुत किए हैं। उनका समर्पित, प्रयोगशील और संवेदनशील नेतृत्व निस्संदेह देशभर के अफसरों और युवा नेतृत्व के लिए प्रेरणा की तरह है, जो दिखाता है कि गहरी समझ, जनसंपर्क और नवाचार से समाज की तस्वीर को बुनियादी स्तर पर बदला जा सकता है।

11 मार्च 2024 से झाबुआ में कलेक्टर के रूप में पदस्थ नेहा मीना ने इस जनजाति बहुल पिछड़े जिले में बदलाव की जो मिसाल पेश की है, वह अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बन सकती है।

# 'पद पाकर सब अकड़े हुए हैं, झुकना अब सब भूल गए हैं'



कौशल किशोर चतुर्वेदी

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने जुलाई महीने के अंतिम शनिवार को अमरावती जिले के दारापुर में अपने 'मन की बात' खूब खुलकर कर ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात में माह के अंतिम रविवार को राष्ट्र की उपलब्धियों और समाज में अपना स्थान बनाकर दूसरों के लिए प्रेरणा बन चुके लोगों की चर्चा होती है। तो गवई ने अपनी मन की बात में वास्तव में संत की तरह अपने मन की गूढ़ बातें सबके सामने रख दीं। वह अपनी सेवानिवृत्ति के बाद परामर्श और मध्यस्थता करेंगे तथा कोई सरकारी पद स्वीकार नहीं करेंगे। यानि संदेश सुप्रीम कोर्ट और अन्य न्यायाधीशों की तरफ भी मुड़ रहा है, जो सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बने,रिटायर हुए तो सरकार का दामन थामे हुए नजर आए। बीआर गवई ने शनिवार यानि 26 जुलाई 2025 को घोषणा करते हुए कहा कि वह अपने रिटायरमेंट के बाद कोई भी सरकारी पद स्वीकार नहीं करेंगे। इसके बजाय, वह परामर्श और मध्यस्थता (कंसल्टेशन और आर्बिट्रेशन) के क्षेत्र में काम करेंगे। गवई ने यह बयान महाराष्ट्र के अमरावती जिले में लेट टीआर गिल्डा मेमोरियल ई-लाइब्रेरी के उद्घाटन के दौरान दिया। वह 23 नवंबर 2025 को रिटायर होने वाले हैं। अमरावती के अपने पैतृक गांव दारापुर में एक कार्यक्रम के दौरान गवई ने कहा, ÷मैंने कई मौकों पर यह स्पष्ट किया है कि मैं रिटायरमेंट के बाद कोई सरकारी पद स्वीकार नहीं करूंगा। मैं परामर्श और मध्यस्थता के कार्य में जुड़ा रहूंगा।÷ उन्होंने यह भी बताया कि वह रिटायरमेंट के बाद अपना अधिकांश समय दारापुर, अमरावती और नागपुर में बिताने की योजना बना रहे हैं।



सीजेआई गवई अपने पिता की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में पूरी तरह से अलग अंदाज में नजर आए। गवई ने वह गूढ़ बातें सबके सामने रखीं, जिन पर अमल करना तो दूर उतनी सोच बनाना भी अफसर जरूरी नहीं समझते। न्यायिक स्वतंत्रता पर जोर देते हुए गवई ने पहले भी कहा था कि रिटायरमेंट के तुरंत बाद सरकारी पद स्वीकार करना या चुनाव लड़ना नैतिक चिंताओं को जन्म देता है और यह जनता के न्यायपालिका पर विश्वास को कमजोर कर सकता है। उन्होंने और उनके कई सहयोगियों ने सार्वजनिक रूप से यह प्रतिज्ञा ली है कि वे रिटायरमेंट के बाद कोई सरकारी भूमिका स्वीकार नहीं करेंगे, ताकि न्यायपालिका की विश्वसनीयता और स्वतंत्रता बनी रहे।

गवई ने न्यायिक ढांचे के विकेंद्रीकरण की वकालत की और कहा कि इससे न्याय लोगों तक आसानी से पहुंचेगा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वह न्यायिक बुनियादी ढांचा समिति के प्रमुख के रूप में तालुका और जिला स्तर पर नए कोर्ट स्थापित करने के लिए एक मॉडल तैयार कर चुके हैं, हालांकि नौकरशाही बाधाएं इस कार्य में रुकावट डाल रही हैं।

गवई ने युवा वकीलों को सलाह देते हुए कहा कि उन्हें अपने पद और प्रतिष्ठा को सिर पर नहीं चढ़ने देना चाहिए। उन्होंने कहा, ÷वकील और जज समान साझेदार हैं। हमें अपनी शक्ति का उपयोग लोगों की सेवा के लिए करना चाहिए, न कि इसे अपने अहंकार का हिस्सा बनाना चाहिए।÷ बीआर गवई 14 मई 2025 को भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश बने। वे देश के पहले बौद्ध और दूसरे दलित सीजेआई हैं। उनकी छह महीने की अवधि 23 नवंबर 2025 को समाप्त होगी।

अपने पूरे भाषण के दौरान गवई का जोर इसी बात पर रहा कि चाहे कोई भी कुर्सी हो- वह जिलाधिकारी की हो, पुलिस अधीक्षक की या न्यायाधीश की हो, सिर्फ और सिर्फ जनसेवा का माध्यम है। उन्होंने दो टूक कहा, ÷कुर्सी सिर में घुस गई, तो न्याय का मोल खत्म हो जाएगा। ये कुर्सी सम्मान की है, इसे घमंड से अपमानित न करें।÷ जबकि वास्तव में देखा जाए तो 99 फ़ीसदी मामलों में पद मिलने के बाद पदधारी अकड़े हुए ही नजर आ रहे हैं। मानो झुकना यानि विनम्रता, शिष्टता, सरलता, सहजता जैसे आचरण को वह दोयम दर्जे का मानते हों। भारत के प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई की यह बातें अगर अमल में लाई जाएं तो भारत की तस्वीर ही बदल सकती हैज् यह बड़े दुख की ही बात है कि मुट्ठी भर अपवादों को छोड़कर यही सच है कि 'पद पाकर सब अकड़े हुए हैंज्झुकना अब सब भूल गए हैंज्'।

# ऐसे में बैंकों का क्या होगा ?



राकेश दुबे

आजकल देनदारियों का प्रबंधन करने वाले वरिष्ठ बैकरों के पास बेहतर मार्जिन पर उधार देने के लिए कोई सस्ती पूंजी उपलब्ध नहीं है।जून के आखिरी हफ्ते में कुछ बड़े सरकारी बैंकों ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) को कुछ हजार करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए। एक साल के इन ऋणों पर ब्याज दर 5.75 फीसदी और 5.97 फीसदी के बीच थी। जून तिमाही करीब आने के कारण बैंक, ऋण वृद्धि बढ़ाने के दबाव में थे। लेकिन सवाल यह है कि अगर वे इतनी कम दरों पर ऋण देते हैं तो वे फिर पैसे कैसे कमाएंगे?

वित्त वर्ष के अंत (23 मार्च) तक वित्तीय तंत्र में नकदी की 2.4 लाख करोड़ रुपये की कमी थी और अब इसमें करीब 3 लाख करोड़ रुपये का अधिशेष है। 4 जुलाई को अधिशेष 4 लाख करोड़ रुपये के स्तर को पार कर गया। यह बदलाव भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की आक्रामकता से भरी खुले बाजार परिचालन (ओएमओ) वाली नीति के कारण है। आरबीआई ने ओएमओ के माध्यम से 4.95 लाख करोड़ रुपये के बॉन्ड खरीदे थे, जिससे वित्तीय तंत्र में पैसा आया। इसके अतिरिक्त, सरकार द्वारा 1.5 लाख करोड़ रुपये के बॉन्ड की पुनर्खरीद भी की गई, जिससे वित्तीय तंत्र में मूल नकदी बढ़ी।





वित्तीय तंत्र में बहुत अधिक पैसा होने के कारण एक रात की दरें, स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) से कम होने लगीं जो आरबीआई की नकदी समायोजन सुविधा (एलएएफ) फ्रेमवर्क की निचली सीमा है। इसने आरबीआई को वित्तीय तंत्र से अतिरिक्त नकदी निकालने और रात भर के ब्याज दर को एलएएफ के दायरे में लाने के लिए वेरिएबल रेट रिवर्स रीपो (वी-आरआरआर) नीलामी के लिए प्रेरित किया। बैंकिंग तंत्र में अल्पकालिक नकदी के प्रबंधन के लिए रिजर्व बैंक एलएएफ का उपयोग करता है। यह एक ऐसी सीमा है जिसके भीतर मुद्रा बाजार में रातों-रात ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव होने की उम्मीद है।

तीन नीतिगत दरों पर विचार करें तो स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) निचला स्तर है, रीपो दर मध्य में है जबकि सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) ऊपरी सीमा है।

एलएएफ का उद्देश्य रात भर के लिए दिए गए ऋण दर को सीमा में रखना है। आजकल भारित औसत ओवरनाइट ऋण दर लगभग 5.25 फीसदी के आसपास है, जो एलएएफ का निचला स्तर है। कभी-कभी, यह इससे भी नीचे हो जाती है जिसके कारण आरबीआई को वी-आरआरआर की घोषणा करनी पड़ती है। नकदी में इस उतार-चढ़ाव से बैंकिंग तंत्र से जुड़े लोग हैरान हो रहे हैं।

आरबीआई ने रीपो दर और सीआरआर (नकद आरक्षित अनुपात) में कटौती की है ताकि बैंकों को ऋण देने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके और ऋण लेने वालों के लिए पूंजी की लागत कम हो सके। हर कोई चाहता है कि दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में वृद्धि को गति देने के लिए बैंक ऋण बढ़े। वित्त वर्ष 2025 में, भारतीय अर्थव्यवस्था 6.5 फीसदी की दर से बढ़ी जो वित्त वर्ष 2021 के बाद इसकी सबसे धीमी गति थी। आरबीआई ने चालू वर्ष के लिए भी इसी तरह की वृद्धि का अनुमान लगाया है।

क्या सिर्फ बहुत सारी नकदी और कम ब्याज दरें ही ऋण वृद्धि को बढ़ावा दे सकती हैं? या फिर वृद्धि के लिए मांग ही अहम है? इस दशक में, ऋण वृद्धि का सबसे बेहतर चरण, वित्त वर्ष 2006 और 2008 के बीच तीन साल की अवधि थी। वित्त वर्ष 2006 में ऋण वृद्धि 25.2 फीसदी थी। वित्त वर्ष 2008 में 21.6 फीसदी तक गिरने से पहले के साल यानी 2007 में यह और भी मजबूत होकर 28.1 फीसदी हो गई। उन तीन वर्षों के दौरान गैर-खाद्य ऋण का औसत विस्तार लगभग 27 फीसदी था।अब आपको जिज्ञासा होगी कि उस समय नीतिगत दर क्या थी? तो रीपो दर, जो 2006 में 6.75 फीसदी थी, साल के अंत तक बढ़कर 7.75 फीसदी हो गई और फिर जुलाई 2008 तक बढ़कर 9 फीसदी हो गई। इससे यह स्पष्ट होता है कि कम ब्याज दरों और ऋण वृद्धि के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। आईसीआईसीआई बैंक की एक ताजा शोध रिपोर्ट बताती है कि अगर बाजार में अधिक पूंजी हो तब शेयर बाजार में कीमतें बढ़ जाती हैं और कंपनियों के बॉन्ड पर ब्याज दरें, सरकारी बॉन्ड के मुकाबले कम हो जाती हैं। इसके मुताबिक अधिक पूंजी से तीन तिमाही बाद लोगों का उपभोग बढ़ता है और खुदरा महंगाई भी बढ़ती है। अभी, जून में खुदरा महंगाई कम होकर 2.1 फीसदी पर आ गई है। इससे वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही की औसत महंगाई 2.69 फीसदी हो गई, जो आरबीआई के 2.9 फीसदी के अनुमान से कम है।

जब बाजार में बहुत नकदी होती है तब नियामक के पास उसे कम करने के कई तरीके होते हैं। अहम सवाल यह है कि आखिर तंत्र में कितनी नकदी चाहिए? क्या यह उचित, पर्याप्त हो या बहुत अधिक होना चाहिए? इस पर ही यह निर्भर करेगा कि हमें परिसंपत्तियों की कीमतें बहुत ज्यादा दिखेंगी, महंगाई में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी या फिर अर्थव्यवस्था में वृद्धि की तेज गति बिना किसी रुकावट के फिर से बरकरार होगी।

## विश्व हेपेटाइटिस दिवस

# बीमारी एक ऐसी दशा है, जिसका अनुभव शरीर में होता है, लेकिन इसका वास्तविक अस्तित्व मन में होता है



महेश अग्रवाल
योग गुरु

आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र, स्वर्ण जयंती पार्क, कोलार रोड, भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल ने विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर कहा कि–बीमारी केवल शारीरिक नहीं होती, यह मानसिक और भावनात्मक स्तर पर भी गहराई से जुड़ी होती है। योग के अनुसार, रोग पहले हमारी अंतःचेतना में जन्म लेते हैं और फिर मन और इंद्रियों के माध्यम से शरीर में प्रकट होते हैं। पाचन या रक्त परिसंचरण से जुड़े सभी रोग स्वास्थ्य के प्रति असावधानी और लापरवाही से ही उत्पन्न होते हैं।÷ हर वर्ष 28 जुलाई को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य है–हेपेटाइटिस जैसे खतरनाक रोग के प्रति जागरूकता फैलाना, रोकथाम और उपचार की जानकारी देना, तथा वैश्विक स्तर पर इस महामारी को समाप्त करना।

हेपेटाइटिस क्या है? हेपेटाइटिस का अर्थ है - यकृत (लीवर) की सूजन। यह संक्रमण वायरल, अल्कोहल, दवाओं या टॉक्सिक पदार्थों की वजह से हो सकता है। यह दो प्रकार का होता है तीव्र , दीर्घकालिक हेपेटाइटिस के लक्षण थकान और कमजोरी, मतली और उल्टी, त्वचा और आंखों का पीलापन (पीलिया), पेट दर्द, गहरे रंग का मूत्र, भूख में कमी, जोड़ों में दर्द, बुखार और वजन कम होना।

**हेपेटाइटिस वायरस के प्रकार– हेपेटाइटिस A, B, C, D, E:** इनमें हेपेटाइटिस बी और सी सबसे खतरनाक हैं, क्योंकि ये क्रोनिक संक्रमण हैं और वर्षों तक बिना लक्षण के रह सकते हैं। ये लीवर सिरोसिस और लीवर कैंसर का कारण बनते हैं। 28 जुलाई का विशेष महत्व - यह दिन नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक डॉ. बारुख ब्लंबरग के जन्मदिन के रूप में चुना गया, जिन्होंने हेपेटाइटिस क्वायरस की खोज की और इसका टीका विकसित किया।

योग से स्वस्थ यकृत की ओर योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि मंडूकासन और पवनमुक्तासन जैसे योगासन लीवर स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। लीवर शरीर का दूसरा सबसे बड़ा और अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है। इसके कार्यों में शामिल हैं– प्रोटीन और पोषण का संतुलन, कोलेस्ट्रॉल नियंत्रण, पित्त का निर्माण (वसा पचाने हेतु), विषैले पदार्थों को बाहर निकालना, संक्रमण से लड़ना, रक्त शर्करा नियंत्रण, ऊर्जा निर्माण में योगदान

लीवर संबंधी प्रमुख रोग– फैटी लीवर (वसा जमा होना) सिरोसिस (लीवर का कठोर और सिकुड़ जाना) यकृत कैंसर ऑटोइम्यून लीवर डिसऑर्डर, लीवर फेल्योर - जब लीवर पूरी तरह कार्य करना बंद कर देता है।

बचाव के उपाय– संतुलित आहार - लहसुन, गाजर, अंगूर, सेब, हरी सब्ज़ियाँ, अखरोट आदि। जैतून का तेल, नींबू, हरी चाय का सेवन, वैकल्पिक अनाज - बाजरा, कूटू, रागी, हल्दी का सेवन, योग, प्राणायाम और तनाव मुक्त जीवन, अल्कोहल, धूम्रपान और नशे से दूरी, मोटापे से सावधानी

आयुर्वेदिक पद्धति का उपयोग - यह एक समग्र और प्राकृतिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है जिसमें आहार, दिनचर्या, व्यायाम और मानसिक संतुलन का समावेश होता है।





हेपेटाइटिस एक मौन महामारी है, जो प्रतिदिन सैकड़ों लोगों की जान ले रही है। इसके उन्मूलन के लिए जनजागरण, स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण और योगिक जीवनशैली अपनाना अनिवार्य है।

योग गुरु अग्रवाल नें यकृत ग्रन्थि के बारे में बताया कि यह सबसे बड़ी व लाल रंग की ग्रंथि है। उदर गुहा में ऊपर व दाहिनी ओर मध्यच्छदिका (परदा) के नीचे इसका स्थान है। मांसाहारी जनों में इसका आकार बड़ा तो शाकाहारियों में छोटा होता है। यकृत के पृष्ठभाग के नीचे की ओर पित्ताशय नामक थैली है जिसमें पित्त रस कुछ समय के लिए इकठ्ठा किया जाता है। यकृत पेशी काई के रंग का पित्तरस तैयार करते हैं जिस रस में कोई पाचक द्रव्य नही होते. स्नेह पदार्थो के पचन हेतु पित्त रस की आवश्यकता होती है। पित्ताशय से पित्त वाहिनी द्वारा पित्त रस आँतों में आता है। यकृत को मानव शरीर की प्रयोग शाला कहते हैं। पाचन क्रिया हेतु पित्तरस की निर्मिति, मृतप्राय लाल रक्त कोशिका स्थित (हिमोग्लोबीन) रुधिरवर्णिका इस घटक का विघटन, स्नेह (चरबी) युक्त पदार्थों का अतिसूक्ष्म कणों में रुपांतरण, विटामिन ए और डी का भंडार रखना, लसिका इस द्रव पदार्थ के निर्माण में सहयोग जैसे अनेक महत्वपूर्ण कार्यों का यकृत ग्रंथि से संबंध है।

पीलिया (ज्वाइंडिस) नाशक अचूक नुस्खा - यकृत विकृति के कारण पीलिया हो जाता है। इसके लिए भांगरा (भृंगराज) जड़ी-बूटी ताजी एकत्र कर लें। यह नालियों के किनारे, मेड़ खेतों में, गन्ना के खेतों की मेड़ में, घरों की मेड़ों पर पाया जाता है। जड़ी-बूटी के जानकारों से पहचान करके एकत्र करें। पत्ती, तना, जड़ सहित लें कर सिलबट्टे में चटनी सा पीस कर, एक साफ मारकीन कपड़े में पेड़ की लुगदी रख कर, रसा निचोड़ लें। उसमें 5 काली मिर्च पीस कर मिला कर सुबह खाली पेट चार-पांच चम्मच दवा दें, ऐसे ही सायंकाल दें। 3 दिन में पीलिया जड़मूल से समाप्त हो जाएगा। मूली खाएं, दलिया खाएं। परहेज रखें व विश्राम करें। यह रामबाण अचूक नुस्खा है।

एक गिलास गरम पानी में हल्दी का रामबाण प्रयोग- यह सरल सा अचूक रामबाण नुस्खा है। हर कोई स्वस्थ-अस्वस्थ व्यक्ति जरूर करें। सेवन विधि-एक गिलास गरम पानी में आधा चम्मच हल्दी (पीसी) घोल लें और सुबह खाली पेट पीयें। 40 दिन के अंदर लाभ देखें । हल्दी एंटीबायोटिक / एंटीऑक्सीडेंट है। लीवर की महौषधि है। बच्चों को 1/4 मात्रा दें। यह परीक्षित रामबाण अचूक महौषधि है। लहसुन और शहद का 7 दिन में चमत्कार देखें- लहसुन और शहद स्वास्थ्य के लिए वरदान है। क्या आपको ज्ञात है कि अगर इन दोनों को एक साथ मिला दिया जाए तो इनका मिश्रण और भी लाभकारी सिद्ध होता है। शहद में डूबे हुए लहसुन का आप अगर लगातार सात दिनों सेवन करें, तो कुछ ही दिनों में इनका असर दिखने लगेगा। लहसुन और शहद के मिश्रण का सेवन करना आपके हृदय (दिल) के लिए बहुत फायदेमंद है। यदि आप इसे नियमित सेवन करते हैं तो आपके शरीर का रोग प्रतिरोधक तंत्र मजबूत होता है और गले की सूजन और खराश में आपको आराम मिलता है। यह अचूक है। बनाने का तरीका –दो से तीन बड़ी लहसुन की कली लेकर उसे हल्का दबा कर कूट लें । फिर उसमें शुद्ध शहद मिलाएं, रात को तैयार कर रख लें, ताकि लहसुन में पूरा शहद समा जाए। फिर इसे सुबह खाली पेट खाएं।

**पीलिया - लक्षण** - अत्यधिक कमजोरी, भूख न लगना, तीव्र कमजोरी, आंखें, नाखून पीले हो जाना , मुख्य कारण लीवर का कमजोर होना, पित्त नली में अवरोध, तली चीजें, दवाएं, रक्त का अधिक टूटना उपवास, मुख्य उपचार - कुनकुने पानी का एनिमा, चादर लपेट, सूती-ऊनी लपेट, गर्म-ठंडा सेंक, जी.एच. पैक, धूप स्नान, नियमित व्यायाम मुख्य औषधीय आहार- गन्ने का रस, फटे दूध का पानी, मोसंबी का रस, जवारे का रस, गाजर बीट रस, गाजर, पपीता, पालक, नींबू, जौं का पानी, टमाटर मुख्य परहेज - घी-तेल, चिकनाई व हल्दी वाला भोजन

**हेपेटाइटिस** – लक्षण- लीवर में सूजन -मुख्य कारण - घी तेल चिकनाई, चाय कॉफी, शराब व दवाओं का अधिक सेवन मुख्य उपचार - उपवास, एनिमा, धूप स्नान कटि स्नान सूती-ऊनी लपेट, गर्म-ठंडा सेंक, जी.एच. पैक, शुभ चिंतन मुख्य औषधीय आहार- गन्ने का रस, फटे दूध का पानी, मोसंबी का रस, जवारे का रस, गाजर बीट रस, गाजर, पपीता, पालक, आंवला, नींबू, अन्नानास, अंगूर, मुख्य परहेज- घी-तेल, चिकनाई, मांस-अण्डे, शराब व दवाओं अधिक सेवन स्वस्थ लीवर, स्वस्थ जीवन की कुंजी है। जागरूक बनें, योग करें, और हेपेटाइटिस को हराएं!

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म. प्र. ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाइट: dainiksandhyaprakash.in

## बटियागढ़ में 7 करोड़ 95 लाख की लागत से संयुक्त तहसील भवन का हुआ लोकार्पण



**दमोह।** आज का दिन हमेशा याद रखा जाएगा, बटियागढ़ में 7 करोड़ 95 लाख की लागत से संयुक्त तहसील भवन का लोकार्पण किया जा रहा हैं और विकास की कड़ी में एक और काम जुड़ गया। इस आशय की बात प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री ने बटियागढ़ के घनश्यामपुरा में बनाए गए नवनिर्मित संयुक्त तहसील भवन के लोकार्पण समारोह के दौरान कही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ववलन कर विधि-विधान से पूजन कर फीता काटकर नए भवन का लोकार्पण किया गया। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल, दमोह सांसद राहुल सिंह तथा जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की गरिमामय मौजदूगी में सम्पन्न हुआ। राज्यमंत्री पटेल ने कहा बटियागढ़ अब नगर पंचायत होने वाली है, सम्भवतः आने वाला चुनाव नगर पंचायत के तहत होगा, विकास की गति और तेज हो इसके लिए हम सभी प्रयास करेंगे। 05 करोड़ 47 लाख की लागत से केबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने जनपद का भवन दिया है, जल्द उसका भी काम प्रारम्भ होगा, एक ही परिसर में जनपद, तहसील, अस्पताल और सभी अधिकारियों के ऑफिस होंगे बहुत सारी सुविधाएं बढ़ेगी और विकास में तेजी होगी।

## मां नर्मदा से जल भरकर भोजेश्वर मंदिर भोजपुर में किया जल अभिषेक



**ओबेदुल्लागज (संवाददाता)।** शिव शक्ति धर्मार्थ एवं सांस्कृतिक उत्सव समिति के तत्वावधान में कावड़ यात्रा रविवार सुबह जल भरने बुधनी घाट पहुंचे मां नर्मदा जल भरकर औबेदुल्लागंज शिव मंदिर पहुंचे आज सोमवार सुबह 10.30 बजे अर्जुन नगर शिव मदिर से मां नर्मदा का जल लेकर भोजपुर शिव मंदिर के लिए रवाना हुए यह कावड़ यात्रा लगातार कई वर्ष से आयोजित की जा रही है। आपको बता दें कि यह कावड़ यात्रा स्वर्गीय देवेंद्र गुप्ता ने अपने मित्र मंडल द्वारा निकाली थी निरंतर यह परंपरा अब उनके मित्र मंडल द्वारा कावड़ यात्रा निकाली जा रही है शिव मंदिर से प्रारंभ होकर यात्रा सनोटी, मगरपूछ, खासरोद, आशापुरी, होते हुए भोजपुर पहुंचेगी, जहां सामूहिक रूप से भोजेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया जाएगा । जल अभिषेक उपरांत भोजपुर जैन मंदिर में विशाल भंडारा आयोजन किया गया है ।

## पुलिस व खेल एवं कल्याण विभाग ने संयुक्त नशा मुक्ति कार्यक्रम के तहत नशा से दूरी है जरूरी की शपथ दिलाई

**दमोह।** पुलिस विभाग एवं खेल युवा कल्याण विभाग ने सयुंक्त रूप से खेल-खेल में खिलाड़ियों व युवाओ को नशे से दूरी है जरूरी कैसे रहना है



नशा मुक्ति कार्यक्रम के तहत एसपीएम नगर खेल मैदान पर अभिनव साहू सुबेदार, शैलेंद्र कुमार चौधरी संविदा ग्रामीण युवा समन्वयक, विकास खंड दमोह, खेल एवं युवा कल्याण विभाग से करन पटेल कमांडो फिजिकल एकादमी के संचालक, शिव शनि शाखा से डॉ सुरेश साहू, डॉ विक्रांत सिंह ने सभी को नशा न करने की शपथ दिलाई इस अवसर पर खेल मैदान में खिलाड़ियों के साथ सुबह से घुमने आए लोगो की भी उपस्थिति रही।

### विकास हो लेकिन किसान के हित प्रभावित न हो- भारतीय किसान संघ

# आम जनमानस को स्वास्थ्यवर्धक, पोषणयुक्त और जहरमुक्त खाद्य मिले यह हमारी प्राथमिकता- भारतीय किसान संघ

**नागपुर ।** नागपुर के रेशिमबाग स्थित स्मृति मंदिर परिसर स्थित महर्षि व्यास सभागार में भारतीय किसान संघ की दो दिवसीय अखिल भारतीय प्रबंध समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की जानकारी देते हुये अखिल भारतीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने बताया कि देश भर के 37 प्रांतों से आये किसान संघ के पदाधिकारियों के साथ संगठनात्मक, आंदोलनात्मक व रचनात्मक एवं संघ शताब्दी वर्ष के निमित्त आये विषयों पर चर्चा कर संगठन के विस्तार की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। इसके साथ ही 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में ''स्वस्थ भारत, पोषक भारत'' के लिये ÷गौ-कृषि वाणिज्यम्'' को आधार बनाकर अखिल भारतीय प्रबंध समिति बैठक में देश के आम जनमानस को स्वास्थ्यवर्धक, पोषणयुक्त और जहरमुक्त खाद्य उपलब्ध हो तथा देश के विकास की प्रक्रिया में कृषि व किसान हित प्रभावित न हो इस दृष्टि से भूमि अधिग्रहण कानून किसान हितैषी बने। इन दो विषयों पर चर्चा उपरांत प्रस्ताव पास कर सरकार को सुझाव भेजे जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रबंध समिति बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल जी का बौद्धिक व समापन सत्र में किसान संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी जी का मार्गदर्शन मिला।

**खाद्यान्न के जहरयुक्त होने पर कार्यकारिणी ने की चिंता व्यक्त:** किसान संघ की प्रबंध समिति बैठक में दो दिन तक चले मंथन के बाद घातक कीटनाशक, खरपतवारनाशक, जैव उत्तेजक और हॉर्मोन उत्पादों के कारण हमारे अधिकांश खाद्यान्न जहरयुक्त होने पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। महामंत्री श्री मिश्र ने बताया कि हमारे प्रमुख खाद्यान्नों में पिछले 50 वर्षो में 45 प्रतिशत तक पोषण मूल्य की गिरावट दर्ज हुई है। साथ ही कृषि लागत एवं मूल्य आयोग के अनुसार किसानों की कृषि उत्पादन लागत आय के अनुपात में तेजी से बढ़ रही है। जिसके लिये वर्तमान में प्रचलित बाजार आदान आधारित कृषि पद्वति जिम्मेदार है।

**स्वास्थ्यवर्धक, पोषणयुक्त और जहरमुक्त खाद्य प्रस्ताव में ये हैं सुझाव:** अखिल भारतीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने स्वास्थ्यवर्धक, पोषणयुक्त और जहरमुक्त खाद्य को लेकर पारित प्रस्ताव के माध्यम से देश के किसानों से आह्वान किया है कि गौ कृषि वाणिज्यम् पद्वति को व्यापक स्तर पर अपनायें तथा जिससे देश के नागरिकों को रसायनमुक्त व जहरमुक्त कृषि उत्पाद उपलब्ध हों सकें। श्री मिश्र ने कहा कि देश के नीति निर्धारक गौ कृषि वाणिज्यम् पद्वति को 5 वर्ष की समयावधि में केंद्र व राज्य सरकारों के लिये व्यापक, व्यवहारिक व सुदृढ़ व्यवस्था लागू करें।

**सुझाव**-1. सभी कृषि खाद्यान्न और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों में रसायन अवशेषों के मानक तय करें।

2. आयातित खाद्य पदार्थ व खाद्यान्न में गैर जीएम के साथ गुणवत्ता जांच को अनिवार्य कर कठोर कानून बनाए।

3. गौ आधारित जैविक खाद्यान्न के लिये स्वतंत्र व अलग से उत्पाद खरीद, विपणन, भंडारण, वितरण, ब्रांडिंग और सरल प्रमाणिकरण की व्यवस्था स्थापित हो। गौ आधारित जैविक कृषि खाद्यान्नों में अधिकतम रसायन अवशेष के मानक तय किए जाएं। जैविक खाद्य की मुख्यधारा में रसायनयुक्त खाद्यान मिलावट करने वाले दोषियों को




अपराधियों के रूप में कठोरतम दंड का कानून बनाया जाए।

5. नीति निर्माण में कृषि-पोषण-स्वास्थ्य तंत्र और इसके लिए शोध व संसाधन सुनिश्चित कराने की व्यवस्था की जाए।

6. वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु ''स्वस्थ भारत, पोषित भारत'' के लिए ''गौ-कृषि वाणिज्यम्'' पर आधारित ठोस रणनीति बनाई जाए।

7. बाजार में बिक रहे घातक, प्रतिबंधित व घटिया गुणवत्ता वाले कीटनाशक, खरपतवारनाशक व रासायनिक उर्वरकों को बेचने वाली कम्पनियों पर भी कठोर कानून लागू करना ही होगा। बाजार में किसान से ठगबाजी बंद हो।

**मध्यप्रदेश के लैंड पुलिंग एक्ट की रही प्रबंध समिति में गूंज:** प्रबंध समिति में भूमि अधिग्रहण कानून के कारण प्रभावित देश भर के किसानों की आई सर्वे रिपोर्ट ने चौंका के रख दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकारों ने किसानों की जमीन अधिग्रहित की लेकिन मुआवजा तक नहीं दिया। जहां दिया वो भी इतना कम कि किसान भूमिहीन होकर मजदूर बन गया। जमीन के बदले नौकरी देने के वादे भी पूरे नहीं किए। कुछ जगहों पर भूमि के बदले विकसित प्लाट देने की बात कही गई है, जिसके लिए कानून भी बनाये गये है, लेकिन यह कानून भ्रामक प्रतीत होते है। जैसे- मध्यप्रदेश में अभी हाल में म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश (संशोधन) विधेयक 2025 में धारा 66 (क) जोड़ी गई है। जिसमें विकसित प्लाट की कोई परिभाषा नहीं है, कितनी भूमि देय होगी, किस जगह की भूमि देय होगी यह भी तय नहीं है, कब दी जायेगी इसकी अवधि कितनी होगी यह तय नहीं है। किसान यदि मुआवजा चाहे तो ऐसा विकल्प भी नहीं है। विकसित प्लाट आवंटन में किसान की प्राथमिकता तय नही है। सर्वे में यह भी पाया गया कि जहां भी कृषि भूमि अधिग्रहित की गई है, वहां किसान एवं अन्य ग्रामवासी प्रभावित हुए। जीवन यापन की कोई व्यवस्था नही है। जैसे - मध्य प्रदेश के महेश्वर बांध परियोजना जो वर्ष 1993 में शुरू हुई जिसमें डूब क्षेत्र में 61 गांव के 10 हजार परिवारों का अभी तक पुनर्वास नहीं हुआ।

**ये हैं सुझाव:** अधिग्रहित भूमि का मुआवजा उक्त क्षेत्र के जिस दिन भुगतान हो, उसी दिन के अधिकतम बाजार भाव से न्यूनतम 4 गुना हो, जिसका पूरा मुआवजा मिलने के बाद ही उक्त किसान को उस भूमि से बेदखल किया जाये। इन शर्तों के पूर्ण होने के पूर्व यदि किसान को बेदखल किया गया हो तो इसे क्रिमनल अपराध की श्रेणी में माना जाये, साथ ही उक्त किसान को तय मुआवजे पर 100 प्रतिशत पेनाल्टी के रूप में देय हो। जैसे पीपीएफ में यह नियम लागू है।

किसान को प्राप्त होने वाली राशि सभी प्रकार के टैक्सों से मुक्त हो, साथ ही इस राशि को जहां भी निवेश किया जाये। वहां भी रजिस्ट्री स्टाम्प आदि ड्यूटी से मुक्त हो।

भूमि अधिग्रहण में दिये गये सभी आष्वासनों का पूर्ण पालन अनिवार्य रूप से हो, जैसे नौकरी, विकसित प्लाट, भूमि आदि का पूर्ण पालन हो।

किसानों को यह विकल्प भी हो कि विकसित प्लाट या अन्य के बदले यदि किसान चाहे तो उसे एकमुष्त रकम विकल्प के रूप में प्राप्त हो। विकसित प्लाट आवंटन में किसान की पसंद को प्राथमिकता मिले।

अधिग्रहित की जाने वाली भूमि के बाद भी यदि किसान के पास कृषि भूमि शेष रहती है जो कृषि उपयोगी न होने से जिसे किसान वह भूमि स्वेच्छा से सरकार को देना चाहे तो उक्त भूमि भी उसी दर से अधिग्रहित करना अनिवार्य हो।

सड़क, रेल लाइन आदि के कारण भूमि की ऊँचाई बढ़ने पर प्रति 2 कि.मी. पर नीचे से 'बाईपास' बनाये जाये ताकि किसान अपने खेती की देखभाल कर सके। बाँध आदि बड़ी योजना पूर्ण होने के बाद सरकार के पास अधिग्रहित की गई अतिरिक्त भूमि शेष बचने पर वह भूमि उसी किसान को वापिस की जाये।

किसी योजना के प्रयोजन से, अधिग्रहित की गई कृषि भूमि, भविष्य में प्रयोजन उद्देष्य बदलने की स्थिति में अधिगृहण रद्द मानकर जमीन उसी किसान को या उसके वंषजों को लौटा दी जाये।

## वक्फ बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष के नाम आवेदन पत्र देकर वक्फ संपत्ति के संरक्षण की मांग



**सिरोंज** तहसील वक्फ कमेटी के अध्यक्ष वाजिद कुरैशी के नेतृत्व में मुस्लिम समाज जनों द्वारा मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष केबीनेट मंत्री दर्जा प्राप्त डॉ सनावर पटेल को दो आवेदन पत्र सौंपे गए जिसमें उल्लेख किया गया है कि तहसील सिरोंज क्षेत्र में वक्फ बोर्ड की कृषि भूमि पर मस्जिदों की दुकान-मकान पर अवैध कब्जे एवं कब्रिस्तानों और खाली पड़ी भूमि पर दबंग लोगों द्वारा कच्चे एवं पक्के दुकान मकान, गुमटियां और बड़े बड़े गेट लगाकर अवैध रूप से कब्जा कर दूसरे लोगों को किराए से दिये गए हैं जिससे स्थानीय कमेटियों एवं वक्फ बोर्ड को हर वर्ष लाखों रुपए के राजस्व की हानि हो रही है तथा इन स्थानों से अतिक्रमण और सीमांकन कराए जाने की मांग को लेकर स्थानीय प्रशासन को कई बार लिखित में आवेदन पत्र दिए जा चुके हैं लेकिन आज दिनांक तक एक भी आवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, इसी तरह सिरोंज में ज़िला कलेक्टर की जनसुनवाई में भी आवेदन दिए गए लेकिन थे जिन पर भी आज दिनांक तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसी प्रकार सिरोंज के वार्ड क्रमांक 2 में स्थित नहर वाले कब्रिस्तान के नाम से बहुत पुराने कब्रिस्तान मौजूद है और वर्तमान में चालू भी हैं इस कब्रिस्तान में आने-जाने के लिए नहर को पार करना पड़ता है मुस्लिम समाज जनों द्वारा लंबे समय से नहर पर पुलिया बनाए जाने की मांग की जा रही है इस संबंध में तहसील वक्फ कमेटी द्वारा स्थानीय प्रशासन से लेकर जिला और प्रदेश स्तर तक आवेदन दिए जा चुके हैं वहीं क्षेत्रीय विधायक ने संबंधित अधिकारियों को पत्र के माध्यम से निर्देश दिए गए हैं लेकिन कई माह गुजरने के बाद भी प्रशासन इस और ध्यान नहीं दे रहा है। तहसील वक्फ कमेटी ने प्रदेश अध्यक्ष को इन सभी समस्याओं से अवगत करा दिया गया है जिस पर उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर काम कराया जाएगा काम नहीं होने पर मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव को इस मामले में अवगत कराया जाएगा।

## अग्रवाल ने मृत्यु उपरांत अंगदान का संकल्प लेकर युवाओं को दी प्रेरणा



**सांध्य प्रकाश, इटारसी।** शहर के युवा कारोबारी सजल अग्रवाल ने एक अनुकरणीय कदम उठाते हुए मृत्यु उपरांत अंगदान का संकल्प लिया है। उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपना अंगदान पंजीयन कर यह संदेश दिया है कि जीवन के बाद भी दूसरों को जीवनदान देना संभव है। सजल के इस कदम ने समाज और खासकर युवाओं के बीच एक सशक्त प्रेरणा का कार्य किया है। अग्रवाल ने कहा कि ÷जब हम मरने के बाद अपने शरीर के अंगों का उपयोग नहीं कर सकते, तो क्यों न उन्हें उन लोगों को सौंप दिया जाए जिनकी जिंदगी हमारे एक फैसले से बच सकती है।÷उन्होंने बताया कि अंगदान के प्रति लोगों में अभी भी जागरूकता की कमी है, जबकि भारत में हर साल लाखों मरीज अंग प्रत्यारोपण के इंतजार में दम तोड़ देते हैं। अगर हर नागरिक यह संकल्प ले कि वह मृत्यु के बाद अपने अंग दान करेगा, तो यह एक मूक क्रांति की शुरुआत होगी। सजल ने युवाओं से अपील की है कि वे आगे आएं और इस मानवीय कार्य में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि अंगदान न केवल किसी की जिंदगी बचाता है, बल्कि यह हमारे जीवन की सबसे बड़ी परोपकारी विरासत बन सकता है। उनके इस फैसले की सोशल मीडिया और समाज के विभिन्न वर्गों में प्रशंसा की जा रही है। कई युवाओं ने सजल से प्रेरित होकर अंगदान का पंजीयन कराने की इच्छा भी जताई है। यह पहल इटारसी के युवाओं के लिए एक नई दिशा तय करती है और यह सिद्ध करती है कि छोटे शहरों से भी बड़े बदलाव की शुरुआत हो सकती है।

### धार जिले के 821 बुथ केंद्र पर सुनी गई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात

**धार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का कार्यक्रम 27 जुलाई रविवार को 124 वें लाइव प्रसारण के माध्यम से राष्ट्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने अनुकरणीय विचारों के जन-जन तक, कार्यकर्ता सर्व समाज को एकत्रित करते हुए श्री मोदी के विचारों को सुनी गई । भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती और धार विधायक नीना वर्मा ने मन की बात कार्यक्रम को धार नगर मंडल के बूथ क्र.56 में बूथ कार्यकर्ताओं के साथ सुना इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विशाल निगम भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा मंडल महामंत्री अमित शर्मा और सीमा सोनी मंजुला बघेल सहित कार्यकर्ता उपस्थित उपस्थित थे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम, जिले के सभी 18 मंडलों के 821 बूथ केंद्र पर स्क्रीन टीवी लगाकर सर्व समाज को कार्यकर्ता जागरूक होकर के साथ सुनवाया।

भाजपा जिला अध्यक्ष निलेश भारती ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात, के विचार युवाओं किसानों गरीबों और मजदूर महिलाओं योग शिक्षा स्वच्छता एवं खेल तथा निर्धारित विषयों के साथ अपना मार्गदर्शन किया है। उन्होंने कहा श्री मोदी जी के इस कार्यक्रम के माध्यम से हर समाज में जागरूकता आई है।सभी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथ पर सुबह 11 बजे बड़ी स्क्रीन लगाकर सर्व समाज के लोगों को एकत्रित करते हुए इस कार्यक्रम को प्रभावी रूप से संपन्न करते हुए मोदी जी के मन की बात के विचारों को लोगों सुनवाया । श्री मोदी जी के विचारों के साथ हर समाज जागृत होकर आत्मनिर्भर बने। कार्यक्रम के फोटो के उपरांत संगठन अप मोदी एप पर भेजे गए कार्यक्रम के जिला मंडल के मन की बात के प्रभारी, मंडल अध्यक्षों ने महत्वपूर्ण भूमिका के साथ कार्य किया। विगत दो माह से धार जिला प्रदेश में नंबर वन आ रहा है हमे विश्वास है इस माह भी मन की बात कार्यक्रम में प्रदेश में अव्वल आएगा ।

# जल जीवन मिशन योजना कार्य की गुणवत्ता शिकायत को लेकर सख्त हुए सांसद - समिति गठित कर 15 दिन में जांच रिपोर्ट मांगी




### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक संपन्न

**मंदसौर।** लोकसभा सांसद एवं दिशा समिति अध्यक्ष सुधीर गुप्ता की उपस्थिति में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक जिला पंचायत सभागार में आयोजित सम्पन्न हुई। लम्बी चली बैठक में विभिन्न मुद्दों पर सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों ने योजनाओं पर तल्ख़ सवाल जवाब किये और आवश्यक निर्देश दिये।

बैठक के दौरान कलेक्टर अदिती गर्ग, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, सुवासरा विधायक हरदीप सिंह डंग, मंदसौर विधायक विपिन जैन, डीएफओ संजय रायखेरे, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश दीक्षित, पूर्व जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी सहित समिति सदस्य एवं अधिकारी मौजूद थे।

बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि, सभी एंबुलेंस मानक स्तर पर चले, एंबुलेंस संचालक मरीजों एवं परिजनों के साथ दुर्व्यवहार न करें। सभी एंबुलेंस सभी तरह की सुविधा के साथ चले। इस बात का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए। नसबंदी कार्यक्रम को पंचायत स्तर पर ले जाए। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार हो। संस्थागत प्रसंग अंतर्गत प्राइवेट अस्पतालों में ऑपरेशन से होने वाली डिलीवरी सरकारी अस्पताल की तुलना में बहुत ज्यादा होती है, इसके लिए संवाद कर बैठक आयोजित करें तथा परिणाम पर काम करें। कोई भी मरीज मंदसौर की सीमा से बाहर रेफर न हो, इसके लिए सुविधाओं में विस्तार करें। सभी मरीजों को मंदसौर में ही डायलिसिस की सुविधा मिले। इसके लिए प्रयास करें। मरीज को सुविधा देना हमारा धर्म है, इस पर काम करें। जिला अस्पताल में रखी मशीनें जिनका कोई उपयोग नहीं हो रहा है, उनकी सूची बनाकर रिपोर्ट भेजें। टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जिले में 141 पंचायत के विरुद्ध 148 पंचायत को टीबी मुक्त किया गया।

शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए कि, सांदीपनि विद्यालयों की बसों का भुगतान कर, तुरंत बसों को व्यवस्थित संचालित कराए। बसों को लेकर बच्चों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो, सभी समस्याओं का निराकरण करें। सांदीपनि विद्यालय के सभी स्कूलों में बच्चों को समान मात्रा में प्रवेश देवे। अधिक से अधिक बच्चों को शैक्षणिक लाभ दिलाए। स्कूलों के जर्जर भवनों के सर्वे के लिए सीईओ जिला पंचायत कमेटी गठित करें। कमेटी में इंजीनियर को भी शामिल करें। कितने भवन जर्जर हैं इसकी तुरंत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बच्चों को जर्जर भवनों में नहीं बिठाए।

सांसद गुप्ता ने निर्देश दिए कि जल निगम के निर्माण कार्यों की जांच के लिए सीईओ जिला पंचायत कमेटी गठित करें। कोई 1050 करोड़ रुपये लागत की नल जल योजना में गड़बड़ी की जांच रिपोर्ट 15 दिनों में प्रस्तुत करने का कहा । मीटिंग के दौरान जल निगम प्रभारी प्रबंधक अली भारावाला ओर पीएचई के अभियंता प्रदीप गोगाड़े से तल्ख़ सवाल किये और गुणवत्ता विहीन कार्य पर कॉन्ट्रेक्टर पर कार्यवाही में उदारता बरती जारही है। यह नहीं चलेगा यह स्पष्ट कहा सांसद ने। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार ने इस योजना में कॉन्ट्रैक्टर द्वारा बरती जारही अनियमितताओं के बारे में प्रभारी मंत्री , सांसद लोकसभा सांसद राज्यसभा एवं वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया है।

### मंडी में पोस्ता दाना के क्रय विक्रय के लिए उचित व्यवस्था हो

सांसद ने मंडी सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि मंदसौर में पोस्ता दाना विक्रय हेतु मंडी का निर्माण हो इसके लिए कार्य किया जाए और विशेष बैठक आयोजित की जाए। उद्यानिकी फसलों की लिए भी मंडी का प्लान बनाया जाए। इस पर भी रणनीति तैयार करें। अलग से लहसुन मंडी के निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करें। दलोदा कृषि उपज मंडी में अतिरिक्त भूमि के आवंटन की प्रक्रिया का निराकरण करें। आबकारी विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि मंदसौर शहर में अवैध शराब की बिक्री पर लगातार कार्यवाही करें। शराब की दुकानों के बाहर लोग पंडाल लगाकर न बैठे, दुकानों के बाहर निर्मित अहातों पर रोक लगाए।

### नगर पालिका कुत्तों के लिए श्वान बाड़ा बनवाए

नगर पालिका को निर्देश दिए गए की शहर में विचरण करने वाले निराश्रित मवेशियों को गौशाला में छोड़े। इसके साथ ही निराश्रित कुत्तों के लिए प्लान बनाए। निराश्रित कुत्तों के लिए कुत्ता बाडा निर्मित करें। ज्ञातव्य है कि आये दिन नगरीय क्षेत्र में श्वानों द्वारा बच्च5 महिलाओं बुजुर्गों को काटा गया भौंकते हु5पीछा कर घायल किया है । मानव अधिकार आयोग ने भी इसे गंभीरता से लेते हुए संज्ञान लिया है ।प्राइवेट प्लाटों में कचरा एकत्रित न होने दे, ऐसे लोग जो प्राइवेट प्लाटों में कचरा करते है, प्लाटों की साफ-सफाई नहीं करते हैं उनको नोटिस जारी करें।

सांसद संवाद प्रोग्राम को गांव स्तर पर ले जाएंगे, इसके लिए सभी विभाग कार्य करें। माह में एक दिन गांव में पहुंचकर आम लोगों से सीधे संवाद किया जाएगा।

# गौड़ और पटेल नहीं पहुंचे मंत्री विजयवर्गीय के घर

### मामला सामूहिक एकता भोज का



**इंदौर।** प्रदेश भाजपा ने तय किया था की हर विधायक के घर पर महीने में एक बार सामूहिक भोज होगा। इंदौर में आज पहली बार मंत्री विजयवर्गीय के घर पर विधायकों का भोजन रखा था, लेकिन विधायक मालिनी गौड़ और मनोज पटेल नहीं पहुंचे।

आज इंदौर में पहली बार विधायक और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के घर सांसद , विधायक का भोजन रखा गया था। जिसके लिए मंत्री विजयवर्गीय ने सांसद शंकर लालवानी , भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा , रमेश मेंदोला , गोलू शुक्ला , मालिनी गौड़ , महेंद्र हार्डिया , राघवेंद्र गौतम, श्रवण चावड़ा, मधु वर्मा , मनोज पटेल, तुलसी राम सिलावट, और मेयर पुष्य मित्र भार्गव को भोजन के लिए बाकायदा फ़ोन करके बुलाया था। यह सामूहिक एकता भोज पार्टी के उद्देश्यों पर खरा नहीं उतरा मालिनी गौड़ और मनोज पटेल को छोडकर बाकि सारे नेता विजयवर्गीय के घर पहुंच गए थे। उनके यहां पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय और उनकी माताजी आशा विजयवर्गीय ने सभी नेताओ को भोजन करवाया। हंसी मजाक का दौर चला सब ने एक दूसरे के हाल चाल जाने मालवी भोजन किया, मंत्री विजयवर्गीय की गौड़ और पटेल से पुरानी राजनीतिक लड़ाई चल रही है। लक्ष्मण सिंह गौड़ के समय से कैलाश विजयवर्गीय के संबंध ख़राब चल रहे है। मनोज पटेल से भी विजयवर्गीय की लड़ाई लगातार जारी है। पिछले दिनों एक कार्यक्रम के दौरान विजयवर्गीय और पटेल के बीच कहासुनी भी हो गयी थी। गौड़ और पटेल दोनों राजनीतिक लड़ाई के चलते ही विजयवर्गीय के घर नहीं पहुंचे। हालांकि विजयवर्गीय ने दोनों को खुद फ़ोन करके बुलाया था। मालिनी गौड़ ने तो भोजन पार्टी में नहीं जाने का कारण अपना स्वास्थ ख़राब होना बताया और पटेल किसी पारिवारिक काम में व्यस्त थे। अगले महीने मंत्री तुलसी सिलावट के घर सामूहिक भोज होगा, उसके बाद मेयर पुष्य मित्र भार्गव के घर भोजन का आयोजन रखा है।

दरसल, विधायक के घर उषा ठाकुर को भी नहीं बुलाया गया। सूत्रों के मुताबिक, इसलिए नहीं बुलाया गया क्यूंकि वो ग्रामीण क्षेत्र की विधायक है और ये नगर भाजपा का कार्यक्रम था।

राजनीतिक सूत्रों का कहना है की भाजपा की सामूहिक एकता भोज पार्टी, पटेल और गोड़ के नहीं जाने से गड़बड़ा गयी है। हो सकता है की जब गौड़ और पटेल के घर एकता भोज हो तो मंत्री विजयवर्गीय भी उनके यहां नहीं जाए।

## विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस




आज यानी 28 जुलाई को हर साल विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के रूप में मनाया जाता है. इस दिन को मनाने का खास कारण लोगों को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और पर्यावरण की सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें इसे बचाने के लिए प्रेरित करना है. यह दिन पूरी दुनिया में मनाया जाता है और लोग एक साथ मिलकर इसे बचाने की योजना भी बनाते है।

**विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस की थीम:** इस वर्ष की बात करें तो प्रकृति संरक्षण दिवस 2025 की थीम प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करना है।

**विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस का महत्व:** विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के महत्व की बात करें तो बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन गंभीर चिंता का विषय है और हमें इस पर काम करना होगा और अपने प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करनी होगी और हमें लोगों को भी इस संसाधन के प्रति जागरूक करना होगा ताकि वे इसका अधिक से अधिक प्रकृति संरक्षण करें. लोगों को पानी की बर्बादी नहीं करनी चाहिए, हमें प्रदूषण नहीं फैलाना चाहिए, हमें पेड़ों को नहीं काटना चाहिए, हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए और इसके संरक्षण के लिए और भी कई तरीके हैं. थॉमस फुलर कहते हैं जो पेड़ लगाता है वह अपने अलावा दूसरों से भी प्यार करता है. तो आज का विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस यह है की हमें यह सिखाता है कि हमारी हरी पृथ्वी को कैसे बचाया जाए और इस प्राकृतिक संसाधन के बारे में मानव जाति को कैसे जागरूक किया जाए और लोगों को बदलते जलवायु के इस समय में जितना संभव हो सके प्रदूषण को कम करने के लिए कैसे सिखाया जाए।

**(साभार) राजेश नारायण श्रीवास्तव (एड.)**




# भोपाल मेट्रो की कमर्शियल शुरुआत पर फैसला 15 अगस्त तक संभव

### एम्स से सुभाष नगर स्टेशन के बीच मेट्रो के व्यावसायिक संचालन की शुरुआत का लक्ष्य

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में मेट्रो रेल सेवा का कमर्शियल संचालन अब एक और महत्वपूर्ण चरण के करीब पहुंच गया है। 9 से 21 जुलाई के बीच अंतिम तकनीकी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया गया है, और अब सभी की निगाहें रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गनाइजेशन (RDSO) की रिपोर्ट पर टिकी हैं, जिसके 15 अगस्त तक आने की संभावना है। इसी रिपोर्ट के आधार पर यह तय होगा कि मेट्रो को मेट्रो रेलवे सेफ्टी कमिश्नर (CMRS) के निरीक्षण हेतु अनुमति दी जाएगी या नहीं। यदि ष्टरूक्रस् से अनुमोदन मिलता है, तो अक्टूबर तक एम्स से सुभाष नगर स्टेशन के बीच मेट्रो के व्यावसायिक संचालन की शुरुआत का लक्ष्य रखा गया है।

एक बार में 900 यात्रियों की क्षमता

## 90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हुआ परीक्षण

RDSO की टीम ने मेट्रो को विभिन्न तकनीकी मानकों पर परखा, जिनमें 90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पर स्पीड ट्रायल, घुमावदार ट्रैक पर संतुलन जांच, इमरजेंसी ब्रेकिंग डिस्टेंस (EBD) और ट्रेन की स्थिरता व निर्माण गुणवत्ता जैसे पहलू शामिल थे। परीक्षण के दौरान हर कोच में करीब 300 यात्रियों के भार के बराबर बोरे रखे गए, जिससे वास्तविक संचालन जैसी स्थिति में परीक्षण संभव हो सका।

## अक्टूबर में मिल सकती है हरी झंडी

यदि RDSO की रिपोर्ट निर्धारित मानकों पर खरी उतरती है, तो मेट्रो को मेट्रो रेल सेफ्टी कमिश्नर (CMRS) के निरीक्षण की अनुमति मिल जाएगी। इसके बाद मेट्रो के कमर्शियल संचालन का रास्ता प्रशस्त हो जाएगा। अधिकारियों का लक्ष्य है कि अक्टूबर तक सेवा शुरू कर दी जाए। पहले चरण में यह सेवा सुबाष नगर से एम्स के बीच कुल आठ एलिवेटेड स्टेशनों पर संचालित की जाएगी।

भोपाल मेट्रो की हर ट्रेन में तीन कोच शामिल होंगे, जिनकी कुल यात्री क्षमता लगभग 900 होगी। प्रत्येक कोच में करीब 50 यात्रियों के बैठने और 250 के खड़े रहने की व्यवस्था होगी। हाल ही में मेट्रो का परीक्षण सुभाष नगर डिपो से एम्स तक के एलिवेटेड रूट पर सफलतापूर्वक किया गया।

## यूके-भारत मुक्त व्यापार समझौते का फेडरेशन ने किया स्वागत, द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों में ऐतिहासिक उपलब्धि

**भोपाल।** फेडरेशन ऑफ एम.पी. चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफएमपीसीसीआई) ने यूनाइटेड किंगडम और भारत के बीच कल हस्ताक्षरित मुक्त व्यापार समझौते का गर्मजोशी से स्वागत किया है।



एफएमपीसीसीआई के अध्यक्ष श्री दीपक शर्मा ने इस समझौते को ÷दोनों देशों के लिए एक परिवर्तनकारी कदम÷ बताया और कहा कि यह व्यापार, निवेश और औद्योगिक सहयोग के नए द्वार खोलेगा। उन्होंने कहा यह समझौता भारत और यूके के बीच बढ़ते भरोसे और साझेदारी को दर्शाता है। यह हमारे निर्यातकों, एमएसएमई, स्टार्टअप्स और सेवा क्षेत्र के पेशेवरों के लिए नए अवसर लेकर आएगा–विशेषकर वस्त्र, सूचना प्रौद्योगिकी, औषधि, अभियांत्रिकी उत्पाद और कृषि-आधारित उद्योगों में। इससे रोजगार के नए अवसर और नवाचार आधारित विकास को गति मिलेगी। श्री शर्मा ने आगे कहा कि फेडरेशन इस समझौते के प्रमुख बिंदुओं को अपने सदस्यों तक पहुंचाएगा और एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगा ताकि उद्योग जगत इस रणनीतिक समझौते का अधिकतम लाभ उठा सके।

एफएमपीसीसीआई दोनों देशों के नेतृत्व और वार्ताकारों को इस दूरदर्शी और समावेशी समझौते के लिए हार्दिक बधाई देता है।

## रोटरी क्लब ऑफ भोपाल हिल्स ने आयोजित किया महिला स्वास्थ्य जागरूकता शिविर



**भोपाल।** रोटरी क्लब ऑफ भोपाल हिल्स ने आज सेवा की सच्ची भावना के साथ महिला स्वास्थ्य एवं मासिक धर्म स्वच्छता पर केंद्रित एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया। यह शिविर उन ज़रूरतमंद महिलाओं के लिए समर्पित था जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही हैं और जिन्हें स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं नशा विरोधी जानकारी की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में 1000 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। उन्हें मासिक धर्म स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वास्थ्य देखभाल एवं नशा उन्मूलन जैसे विषयों पर जानकारी दी गई। सभी प्रतिभागियों को निःशुल्क दवाइयाँ, स्वच्छता किट एवं परामर्श भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज चौरसिया, गोकुलदास एक्सपोर्ट्स के जीएम मंजुनाथ, इंटखेड़ी पुलिस विभाग की टीम, समन्वयक रोटेरियन संगीता अग्रवाल उपस्थित रहे। अध्यक्षता रोटेरियन स्मिता पगनीस ने की। इस आयोजन का नेतृत्व क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन हर्ष मित्तल एवं सचिव रोटेरियन कमल वाधवानी द्वारा किया गया, जिनकी प्रतिबद्धता और प्रेरणा से यह शिविर सफल हो सका। रोटरी क्लब ऑफ भोपाल हिल्स यह मानता है कि हर महिला को स्वस्थ जीवन और गरिमा से जीने का अधिकार है। यह शिविर सिर्फ एक दिन की पहल नहीं, बल्कि निरंतर बदलाव की दिशा में उठाया गया एक मजबूत कदम है।

## सुदर्शन चक्र कोर द्वारा कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन



**संत हिरदाराम नगर।** भोपाल सैन्य स्टेशन पर कारगिल विजय दिवस एक भव्य पुष्पांजलि समारोह के साथ मनाया गया। यह महत्वपूर्ण अवसर कारगिल युद्ध में भारतीय सेना की शानदार विजय की 26वीं वर्षगांठ का प्रतीक है, जो उन वीरों के अदम्य साहस और शौर्य की गाथा है जिन्होंने अपने सर्वोच्च बलिदान से इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय लिखा। लेफ्टिनेंट जनरल प्रीतपाल सिंह, एवीएसएम, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, सुदर्शन चक्र कोर ने योद्धास्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करके शहीद वीरों को श्रद्धांजलि दी। जनरल ऑफिसर ने सैनिकों के शौर्य और बलिदान का सम्मान किया और भारतीय सेना की सर्वोच्च परंपरा के अनुरूप उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए राष्ट्र की कृतज्ञता की पुष्टि की।

## मिठी और नवनिध के विद्यार्थियों के लिए मार्केटिंग के क्षेत्र में करियर विषय पर हुआ सत्र

संत हिरदाराम नगर। मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल एवं नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल के कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों के लिए ÷मार्केटिंग के क्षेत्र में करियर विषय पर एक प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन शनिवार को नवनिध स्कूल के ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शैक्षणिक समन्वयक देवेंद्र शर्मा द्वारा स्वागत भाषण के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य की दिशा चुनने हेतु सजग रहने तथा ऐसे सत्रों से अधिकतम लाभ उठाने की प्रेरणा दी। मुख्य वक्ता के रूप में हनन वोहरा उपस्थित थे जिन्होंने विद्यार्थियों को 'मार्केटिंग' विषय से परिचित करवाया और करियर संभावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वोहरा ने सरल शब्दों में समझाया कि मार्केटिंग केवल किसी उत्पाद या सेवा के बारे में बताना ही नहीं है, बल्कि लोगों को उस उत्पाद को अपनाने के लिए प्रेरित करना भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी बताया कि आज के समय में मार्केटिंग कैसे ब्रांड निर्माण, बिक्री वृद्धि और जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अच्छे मार्केटर बनने के लिए आवश्यक गुणों संचार कौशल, रचनात्मकता, विश्लेषण क्षमता, टीमवर्क आदि पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी।

## शिविर में 151 रोगियों की आंखों की जांच, 37 के होंगे मोतियाबिंद आपरेशन

### सेवा सदन व भोपाल उत्सव मेला समिति ने आयोजित किया निःशुल्क नेत्र शिविर

**संत हिरदाराम नगर।** राजधानी के गौतम नगर स्थित आर्य भवन में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय और भोपाल उत्सव मेला समिति के संयुक्त प्रयासों से निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद आपरेशन शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ देवी-देवताओं के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ समिति पदाधिकारियों और सेवा सदन के ट्रस्टी द्वारा किया गया।

शिविर में कुल 151 रोगियों की आंखों की जांच की गई, जिनमें 92 पुरुष एवं 59 महिलाएं शामिल थीं। जांच के दौरान 37 रोगियों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई, जिन्हें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय लाकर भर्ती किया गया है। सभी चिंहित रोगियों के लिए निशुल्क भर्ती चिकित्सा, भोजन, फल, दूध, दवाईयां आदि की व्यवस्था की है। सोमवार को वरिष्ठ नेत्र चिकित्सकों द्वारा इनके आपरेशन किए जाएंगे। अन्य रोगियों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई तथा उनके रक्तचाप और मधुमेह की जांच भी की गई। यह भोपाल में आयोजित हो रहे वर्षा कालीन नेत्र शिविरों की श्रृंखला में पाँचवा शिविर था। अब तक इन शिविरों के माध्यम से 968 मरीजों की जांच की जा चुकी है, जिनमें से 241 मरीजों के मोतियाबिंद आपरेशन किए गए हैं। अगला शिविर रविवार 3 अगस्त 2025 को सोनागिरी स्थित बालाजी फैक्कर अस्पताल में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भोपाल उत्सव मेला समिति के सुनील जैनाविन, नारायण सिंह कुशवाह, मोहन सिंह कुशवाह, चंद्रशेखर सोनी, सूर्यकांत गुप्ता, राकेश यादव बाबा, उपेंद्र तोमर, अरविंद नारद मामा, ममतेश शर्मा सहित सेवा सदन के ट्रस्टी सुरेश आवतरामानी और उनकी टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# वार्ड चार में महापौर और विधायक ने किया 75 लाख की लागत से विकास कार्यो का शुभारंभ



**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम नगर में वार्ड 4 के पार्षद एवं एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी के प्रयासों से 75 लाख के विकास कार्यो का महापौर मालती राय एवं विधायक रामेश्वर शर्मा ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि संत हिरदाराम नगर में विकास के तमाम कार्य करवाए जा रहे हैं। रेलवे ओवर ब्रिज का लोकापर्ण नवम्बर माह में किया जाएगा जबकि 305 करोड़ लागत वाली सिक्स लेन एलिवेटेड फ्लाइओवर का काम दिसम्बर 2026 तक हर हालत में पूरा किया जाएगा। इसके बाद यहां यातायात की समस्या का निदान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सीवेज एवं पानी की पाइन लाइन बिछाने की यहां वृहद योजना है, जिसके बाद हर गली मोहल्ले की सड़कों को पक्का किया जाएगा। महापौर मालती राय ने कहा है कि अगर सफाई के मामले में भोपाल नम्बर दो पर आया है, तो इसका श्रेय मुझे या किसी अधिकारी व नेता को नहीं बल्कि प्रत्येक सफाई कामगार को है, जो सर्दी, गर्मी, किसी भी त्यौहार के दौरान जब हम घरों में बैठकर मिठाई खाते हैं, वे सड़कों पर झाडू लगाने में व्यस्त रहते हैं। इसमें आम आदमी का भी बहुत सहयोग है। इससे पूर्व एमआईसी सदस्य राजो हिंगोरानी ने बताया कि अभी 75 लाख के विकास के काम प्रारंभ हो रहे हैं। पिछले साल 1.50 करोड़ के काम हुए और इस वित्तीय वर्ष में कुल 2 करोड़ की राशि से विभिन्न स्तरों पर विकास के काम करवाए जा रहे हैं। इस अवसर पर जगदीश यादव, चन्द्रप्रकाश इसरानी, रामू केवट, राहुल राजपूत, राम बंसल रैनवाल, राधे महाराज, नरेन्द्र लालवानी, बसंत चेलानी, कमल प्रेमचंदानी, गुलाब जेठानी, महेश खटवानी, लीला राजपूत, सीमा लालवानी, आजाद सिंह सिसोदिया सहित कई मौजूद थे।

## सेवा भारती एवं भारतीय रेडक्रॉस द्वारा 102 स्कूली छात्र-छात्राओं का नेत्र एवं दंत परीक्षण



**संत हिरदाराम नगर।** सेवा भारती एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सयुंक्त तत्वाधान में राजभवन माध्यमिक विद्यालय, मालवीय नगर के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवा निवृत न्यायधीश शिवमंगल सिंह ने बच्चों में विशेष कर शा. स्कूलों में पढ़ाई कर रहे बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर, पोषण आहार, नेत्र, दंत रोग एवं स्वच्छता पर चिंता जाहिर करते हुए अभिभावकों और बच्चों को जागरूक रहने का आह्वान किया। स्कूल में उपस्थित सभी 102 बच्चों जिनमें 46 छात्र एवं 56 छात्राओं का नेत्र एवं दंत परीक्षण कर आवश्यक दवा वितरित की गई, साथ ही सभी बच्चों एवं स्टॉफ को प्रोटीन पावडर के डिब्बे और स्वच्छता किट भी रेडक्रॉस की ओर से दी गई। सेवा भारती महानगर के मीडिया प्रभारी भगवानदास ढालिया ने बताया कि आगे भी सभी शा. स्कूलों के सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण हेतु संस्था संकल्पित है इस कार्यक्रम में डॉ. पी. सी व्यास, डॉ. रामअवतार यादव, डॉ पलक जैन, डॉ. दिनेश शर्मा, डॉ सत्येंद्र बघेल, हेमलता अनीता एवं स्कूल के सभी शिक्षको ने मेडिकल टीम का सम्मान भी किया।

# उपनगर के स्कूलों में कारगिल विजय दिवस पर शहीदों की कुर्बानी को किया याद



**संत हिरदाराम नगर।** मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहीदों की कुर्बानी को याद किया गया। स्कूल में देशभक्ति से संबंधित अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जैसे पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, स्किट प्रेजेंटेशन, सिंधी प्रार्थना, श्लोक पाठ प्रतियोगिता, सिंधी कविता पाठ, नारा लेखन, देशभक्ति पर आधारित कविता पाठ, पात्र अभिनय, संवाद अभिनय एवं समूह गीत शामिल थे।

इस अवसर पर सिद्ध भाऊ ने अपने संप्रेषित संदेश में संस्था के समस्त स्टाफ और विद्यार्थियों को कारगिल विजय दिवस की बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने देश के लिए पूर्ण समर्पण से कार्य करने की प्रेरणा दी और कहा कि देशभक्ति केवल सेना में कार्य करने से नहीं होती, बल्कि अपना हर कर्तव्य चाहे वह पढ़ाई हो, व्यवसाय या नौकरी हो, देश के अन्य नागरिकों के प्रति सद्भावना हो पूरी निष्ठा से निभाने में ही है। सचिव घनश्याम बूलचंदानी ने जोश और उत्साह के साथ देशभक्ति एवं जुनून से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का प्रेरक संदेश दिया। विद्यालय के प्राचार्य अजय बहादुर सिंह ने समस्त शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को कारगिल विजय दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा पूर्ण निष्ठा और लगन के साथ कार्य करने, छात्रों को उज्वल भविष्य के लिए कठोर परिश्रम के साथ पढ़ाई करने एवं माता-पिता तथा बड़ों के प्रति सम्मान का भाव रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के खेल विभाग के शिक्षक संत चौरहा ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में विद्यार्थियों को कारगिल विजय गाथा का विस्तृत वर्णन किया।

## एलवीएस ग्रुप ऑफ स्कूल द्वारा संचालित विद्यालयों में कारगिल विजय दिवस मनाया गया



**संत हिरदाराम नगर।** शिक्षण संस्था लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ एज्यूकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ उ.मा. विद्यालय, प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल, एल.वी.एस प्ले ग्रुप स्कूल एवं वीना चार्ली दासवानी गर्ल्स पब्लिक स्कूल गांधीनगर में विजय दिवस पर शहीदों को नमन किया गया। बच्चों ने कारगिल के शहीदों के बलिदान को याद करते हुए सलाम किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा भजन, कविता और देशभक्ति गीत गाए और विचार व्यक्त कर सैनिकों के शौर्य पराक्रम को याद करते हुए देश की रक्षा करने हेतु आव्हान किया। छात्रों द्वारा मंच पर नाट्य प्रस्तुति दी जिसमें बताया कि किस तरह सन् 1999 में पाकिस्तान ने गुपचुप तरीके से भारत में घुसपैठ की और भारतीय सेना ने ऑपरेशन विजय चलाकर पाकिस्तान के सैनिकों को पीछे खदेड़ दिया। इस अवसर पर शाला सचिव रमेश हिंगोरानी, संचालक, प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी, प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## वीरता बलिदान गर्व व शौर्य का दिन है कारगिल विजय दिवस शिक्षाविद् विष्णु गेहानी

**संत हिरदाराम नगर।** सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल के नंदवानी भवन में बड़े उत्साह के साथ कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम मनाया गया। इस युद्ध में शहीद होने वाले शहीदों को कैंडिल जलाकर व पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कारगिल शहीदों को नमन करते हुए विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम रखने का मुख्य उद्देश्य यही है कि आपको मालूम हो कि हमें यह आजादी किन कठिन परिस्थितियों से मिली है और किन वीरों के बलिदानों से मिली है, जो देष अपने शूरवीर सैनिकों को भूल जाता है उस देश का पतन होना निश्चित है, आज यह कार्यक्रम शहीदों की याद में रखा गया है आज हमें आजादी उन शहीदों के बलिदान के कारण मिली है जिन्होंने असंभव अभियान को भी संभव बनाया। हर विद्यार्थी में वह जुनून व जज्बा होना चाहिए जो कारगिल के वीरों में था, आप भी सच्चे देशभक्त बनना तभी इन शहीदों को श्रद्धांजलि देना सफल होगा। विद्यालय की शिक्षिका अनुश्री एवं छात्रा गीतांजलि द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत ऐ मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी गीत प्रस्तुत किया गया।

## संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में कारगिल दिवस पर श्रद्धांजलि एवं विविध गतिविधियों का आयोजन

**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज, भोपाल में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर एनसीसी कैडेट कोर यूनिट द्वारा एक विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के वीर सपूतों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी ने कहा, ÷कारगिल विजय दिवस केवल एक ऐतिहासिक दिन नहीं है, बल्कि यह युवाओं को देश प्रेम, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देता है। हमारी छात्राओं को ऐसे कार्यक्रमों से प्रेरणा मिलती है कि वे भी अपने राष्ट्र के लिए कुछ कर गुजरने का जज़्बा रखें।÷ कार्यक्रम के दौरान सहायक प्राध्यापिका सोनिया शर्मा ने कारगिल विजय दिवस पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को इसके ऐतिहासिक महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम की एक विशेष प्रस्तुति के रूप में कारगिल युद्ध पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। जिसमें वीर सैनिकों के अदम्य साहस और बलिदान को दर्शाया गया।

# जिले में यूरिया आपूर्ति सुचारू, किसानों से संयम बरतने की अपील, 2598 मीट्रिक टन पहुंची



छिंदवाड़ा। कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के निर्देशानुसार जिले में यूरिया की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सतत निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में आज 27 जुलाई को कोरोमण्डल कंपनी की 2598 मीट्रिक टन क्षमता वाली रैक जिले में प्राप्त हुई, जिसमें से 1866 मीट्रिक टन यूरिया छिंदवाड़ा जिले को आवंटित किया गया है। साथ ही चंबल कंपनी की 1700 मीट्रिक टन क्षमता की एक और रैक भी जिले में पहुंच चुकी है, जिसका वितरण कल किया जाएगा।इसके अलावा ब्रह्मपुत्र, आई.पी.एल. एवं एच.यू.आर.एल कंपनियों की तीन रैक जिले के लिए रवाना हो चुकी हैं, जो 30 और 31 जुलाई को छिंदवाड़ा पहुंचेंगी। इनसे लगभग 5500 मीट्रिक टन अतिरिक्त यूरिया जिले को प्राप्त होगा। इस तरह अगले चार दिनों में कुल 9000 मीट्रिक टन यूरिया जिले में उपलब्ध हो जाएगी।

आज रैक पाइंट पर उपसंचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह एवं एसडीएम छिंदवाड़ा सुधीर जैन द्वारा टीम के साथ निरीक्षण किया गया। इस दौरान सहायक संचालक कृषि धीरज ठाकुर, अनुविभागीय कृषि अधिकारी नीलकंठ पटवारी, कंपनी प्रतिनिधि व परिवहनकर्ता मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान परिवहनकर्ताओं और कंपनियों को तय कार्यक्रम अनुसार शीघ्र वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर सिंह के आदेश के पालन में यह भी निर्देशित किया गया है कि निजी विक्रेताओं के यहां यूरिया का वितरण कृषि विस्तार अधिकारियों की उपस्थिति में ही किया जाए। साथ ही यदि कोई विक्रेता यूरिया के साथ अन्य उर्वरकों की अनिवार्य टेगिंग करता है या निर्धारित दर से अधिक कीमत पर विक्रय करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध तत्काल कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि जिले को लगातार यूरिया की आपूर्ति हो रही है और उर्वरक की कोई कमी नहीं है। अतः किसान अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आवश्यकता अनुसार ही यूरिया का उठाव करें।

## विद्याभूमि स्कूल ने मनाया हरियाली महोत्सव



छिंदवाड़ा। विद्या भूमि में हरियाली उत्सव मनाया गया, जिसमें एक पेड़ माँ के नाम पौधों का रोपण भी किया गया। विद्या भूमि की डायरेक्टर श्रीमती विजया यादव ने भी पौधा रोपण कर हरियाली उत्सव में भाग लिया

## छिंदवाड़ा के बैडमिंटन खिलाड़ी उज्जैन में दिखाएंगे दमखम



छिंदवाड़ा। 58वीं मध्यप्रदेश जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप (अंडर-17 एवं अंडर-19) वर्ष 2025 का आयोजन महाकाल की नगरी उज्जैन में 29 जुलाई से होने जा रहा है, जिसमें छिंदवाड़ा जिले के उभरते हुए खिलाड़ियों का चयन हुआ है। जिले के खिलाड़ी इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। बालक वर्ग में चयनित खिलाड़ियों में पुष्कर गिरिडकर, भविष्य सूर्यवंशी, निकुंज डेहरिया, भाविक धुर्वे, दिव्यांश सोनी एवं पलाश धुवे शामिल हैं। वहीं जिला टीम बालिका वर्ग से जहान्वी विश्वकर्मा, तनिष्का विश्वकर्मा, संचारिका यादव एवं अदिति बघेल को स्थान मिला है। इन खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर रहे हैं छिंदवाड़ा के प्रसिद्ध कोच जावेद खान, जिनके मार्गदर्शन से जिले के अनेक खिलाड़ियों को राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है। वरिष्ठ कोच श्रीखान की कोचिंग में तैयार हुई यह टीम जिले की उम्मीदों पर खरा उतरने का संकल्प लेकर आज रवाना होगी। जिले की ओर से डी, बी, ए,सह सचिव व बेडमिंटन प्रशिक्षक टीम के प्रबंधन का दायित्व विनय सिंह चंदेल, तरुण विश्वकर्मा,महिमा यादव,व सचिव जावेद खान, निभा रहे हैं, जो टीम के साथ स्पर्धा के दौरान उज्जैन में उपस्थित रहेंगे।डी,बी,ए, पदाधिकारियों ने टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी हैं छिंदवाड़ा जिले के खेल प्रेमियों एवं अभिभावकों ने समस्त चयनित खिलाड़ियों को उज्जैन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी है

## जागते रहो ग्रुप ने 2001 यूनिट किया रक्तदान प्रेरणा स्त्रोत रिंकू चौरसिया

छिंदवाड़ा। परासिया का एक ऐसा नाम रिंकू रितेश चौरसिया जो अब केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि आशा, सेवा और समर्पण का पर्याय बन चुके हैं! आरके फर्नीचर



एंडइलेक्ट्रॉनिक्स के संस्थापक, एक सफल उद्यमी और कर्मठ कृषक, रिंकू चौरसिया ने निःस्वार्थ सेवा का ऐसा बेमिसाल उदाहरण पेश किया है, जिसकी अलौकिक आभा अब पूरे भारतवर्ष को आलोकित कर रही है। अपने अडिग संकल्प और मानवीय संवेदना के उच्चतम शिखर को छूते हुए, उन्होंने 2001 से अधिक असहाय और जीवन-मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे जरूरतमंद पीड़ित मरीजों को जीवनदायिनी रक्त का महादान सुनिश्चित करवाकर एक अनूठी सामाजिक क्रांति का सूत्रपात किया है। उन्हें अब छिंदवाड़ा के प्राणदाता के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने अपनी अटूट लगन से अनगिनत परिवारों के बुझते चिरागों में फिर से आशा की ज्योति प्रज्ज्वलित की है।विगत 15 वर्षों से, रिंकू रितेश चौरसिया ने जागते रहो ग्रुप और खून का रिश्ता ग्रुप जैसे शक्तिशाली मंचों का सृजन कर, जिले भर से 5000 से अधिक ऊर्जावान नागरिकों को समाज सेवा के इस पवित्र महायज्ञ से जोड़ा है। इन समर्पित समूहों के माध्यम से, उन्होंने न केवल जीवनरक्षक रक्तदान, बल्कि गो सेवा, बेटी बचाओ अभियानऔर पर्यावरण संरक्षण जैसे राष्ट्रीय महत्व के क्षेत्रों में भी अतुलनीय योगदान दिया है। जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन की लहर दौड़ी है। रक्तदान सर्वोत्तम दान है, यह सीधे प्राणों का संचार है, इस महामंत्र को अपने जीवन का ध्येय बनाने वाले रिंकू चौरसिया ने अपने व्यस्ततम जीवन के बावजूद, इस मानवीय मिशन की लौ को कभी मंद नहीं पड़ने दिया। उनकी निष्ठा, दृढ़ता और कर्मठता हर किसी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## असामाजिक तत्व से परेशान अस्पताल स्टाफ ने थाना में की लिखित शिकायत

अमरवाड़ा। विकासखंड के सोनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ के द्वारा सोनपुर के स्थानीय निवासी एक आसमाजिक तत्व से परेशान होकर अस्पताल स्टाफ के द्वारा अमरवाड़ा थाना प्रभारी को लिखित शिकायत की गई, जिसमें बताया गया कि सोनपुर निवासी हरिप्रसाद डेहरिया और गुड्डू डेहरिया जो की लगातार अस्पताल में आकर गुंडागर्दी करता है। गली गलोच एवं स्टाफ के साथ अभद्र व्यवहार करता है। वही शासकीय कार्य में भी बाधा उत्पन्न करने की शिकायत अस्पताल स्टाफ डॉक्टर सरिता डेहरिया, प्रभा रजक, रेनू सोमकुवर, मनीष बघेल, पंचों बाई के द्वारा लिखित शिकायत थाना अमरवाड़ा में की गई। लगातार 2 वर्ष से अस्पताल प्रबंधन आसमाजिक तत्व से परेशान होकर मानसिक रूप से प्रताड़ित हैं। इसके साथ ही शिकायत में बताया गया कि आसमाजिक तत्व लगातार झूठी 181 सीएम हेल्पलाइन शिकायत करता रहता है।

## आबकारी विभाग की कार्यवाही दो शराब तस्कर गिरफ्तार

छिन्दवाड़ा। आबकारी वृत्त चौरई में अवैध शराब विनिर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिये प्राप्त सूचना के आधार पर टांडे पिपरिया चौक यात्री प्रतीक्षालय के सामने थाना चौरई के पास रात्रि समय 12-17 घेरा बंदी कर एक मोटर साइकिल क्रमांक म्क्क22 ष्ट 6808 से देशी मदिरा के कुल 340 नग, भरी हुई मदिरा की मात्रा 61.2 बल्क लीटर होती है, जिसकी अनुमानित कीमत 32,152 रुपए तथा एक वाहन जिसकी अनुमानित कीमत 50,000 रुपए है, जिसे बरामद कर जप्त किया गया तथा आरोपी रविन्द्र बघेल पिता शोभाराम बघेल उम्र 33 वर्ष ग्राम पुसेरा थाना लखनवाड़ा जिला सिवनी एवं दूसरा आरोपी शांतनु बघेल पिता जयनाथ बघेल उम्र 19 वर्ष ग्राम पुसेरा थाना लखनवाड़ा।

## प्रधानमंत्री आवास में राशि लेने के बाद हितग्राहियों ने नहीं बनाए आवास

### निगमायुक्त ने दिए वसूली के निर्देश, निगम सभाकक्ष में ली समीक्षा बैठक




छिंदवाड़ा। नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय ने रविवार को निगम सभाकक्ष में भवन अनुज्ञा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी बीएलसी की प्रगति की समीक्षा की। निगमायुक्त ने बैठक में निर्देश दिए कि भवन अनुज्ञा के प्रकरणों को किसी भी स्थिति में लंबित न रखा जाए, यदि आवेदन त्रुटिपूर्ण पाया जाए तो उसकी जांच कर उसे वांछित कंसोल में भेज दें । इसके अलावा आयुक्त ने सभी उपयंत्रियों को अपने प्रभार क्षेत्र की सड़कों के गड्ढों को चिन्हांकित कर उसे ठीक कराने के निर्देश दिए। इन कार्यों के निगरानी के निर्देश कार्यपालन यंत्री को दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना बीएलसी घटक के अंतर्गत योजना के प्रथम चरण के अपूर्ण एवं अप्रारंभ आवासों की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने राशि लेने के बाद भी आवास नहीं बनाने वाले पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए। आयुक्त ने सभी के राशि रिकवरी प्रकरण तैयार कर तहसीलदार को देने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना बीएलसी घटक के द्वितीय चरण के लिए प्राप्त आवेदनों की जांच शीघ्र करने के निर्देश आयुक्त ने दिए। इसके साथ ही पोर्टल पर दर्ज हो चुके पात्र आवेदनों की जियो टैग शीघ्र करने के निर्देश आयुक्त ने दिए।

### छोटा तालाब हट्स का आवंटन निरस्त कर राशि की राजसात

नगर निगम द्वारा छोटा तालाब के पास दुकानों के लिए हट्स का निर्माण किया गया था। इन हट्स से निगम को मासिक किराया प्राप्त होता है। दुकानों से किराया प्राप्त नहीं होने पर निगम द्वारा 06 दुकानों के लिए नोटिस जारी किए गए। नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय ने संबंधितों को पर्याप्त अवसर दिया, इसके उपरांत भी राशि प्राप्त न होने पर आयुक्त ने आदेश जारी करते हुए सभी 06 हट्स का आवंटन निरस्त कर दिया। इन 06 हट्स क्रमांक 11, 12, 13, 22, 23 एवं 24 के आवंटन निरस्त करते हुए आयुक्त द्वारा 03 लाख रुपए की राशि को भी राजसात कर लिया गया।

## संस्कृति मिलन समारोह नागपुर में 29 विधाओं के 275 प्रतिभागियों ने भाग लिया

छिंदवाड़ा। अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक मिलन वर्ष 2025 वेकोली मुख्यालय नागपुर द्वारा सांस्कृतिक भवन कोल विहार कॉलोनी कोल स्टेट में तीन दिवसीय संस्कृतिक मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया ।जिसके मुख्य अतिथि जेपी द्विवेदी, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक वे कोली, विशिष्ट अतिथि निदेशक



तकनीकी संचालन अनिल कुमार सिंह, निदेशक वित्त विक्रम घोष ,निदेशक तकनीकी परियोजना आनंद प्रसाद जी, निदेशक मानव संसाधन डॉक्टर हेमंत शरद पांडे, निदेशक मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय मधुकर महत्रे ,विजेता नागपुर मुख्यालय ,उपविजेता पेच क्षेत्र रही । वे कोली के 11 क्षेत्रों पेच ,कन्हान, पाथाखेड़ा,वणी ,वणी नार्थ,बल्लारपुर ,माजरी, उमरेर, नागपुर, तथा नागपुर मुख्यालय से ,संगीत की 29 विधाओं में लगभग 275 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें पेन क्षेत्र के कलाकारों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।कव्वाली में दुर्गा कश्यप, दिलीप पंदराम,ओमकार यदुवंशी ,विशाल राजपूत ,योगेश साहू, राजेश नाग, रमेश यदुवंशी ,विनोद मंडलोई प्रथम, गजल में योगेश साहू प्रथम, गीत में रघुनंदन शर्मा ,प्रथम, नजुरल गीति में रवि कुमार जैन द्वितीय, फिल्मी गीतों में विनोद मंडलोई द्वितीय, लोकगीत में दुर्गा प्रसाद कश्यप तृतीय, ख्याल में रामस्वरूप तृतीय, ठुमरी में रामस्वरूप प्रथम ,कथक में हेमलता कोचे तृतीय ,भरतनाट्यम में डा राशि शर्मा द्वितीय, कुचिपुड़ी नृत्य में मेघा गर्ग प्रथम, तबला योगेश साहू प्रथम ,बांसुरी दिलीप पंद्राम प्रथम, सैक्सोफोन अनूप कुमार द्वितीय, माउथ ऑर्गन गोपाल राजपूत तृतीय,बैंजो विशाल राजपूत प्रथम, टीम मैनेजर कार्मिक प्रबंधक न्यूटन उपक्षेत्र एसके डेहरिया तथा संगीत शिक्षक माधव मगरदे इस टीम को लेकर नागपुर पहुंचे थे। नवंबर 2025 में कोल बिहार के इसी मंच में इंटर कंपनी सांस्कृतिक मिलन कार्यक्रम संपन्न होगा।

## नगर के निजि अस्पतालों में मरीजों के सहायकों के रुकने की कोई व्यवस्था नहीं और न ही पार्किंग की सुविधा

### नगर की सभी दिशाओं में सरकारी अस्पताल खोलने की आवश्यकता

गोविन्द चौरसिया

छिंदवाड़ा। जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज होने के बाद भी प्राईवेट हास्पिटल नगर की गलियों में खुलते जा रहे हैं। जो क्षमता से ज्यादा मरीज भर्ती कर रहे हैं। मरीज के साथ एक सहायक होता है उसके रूकने के लिए अस्पताल में कोई व्यवस्था नहीं होती है जिससे वह अस्पताल क सीढ़ियों या जहां कही जगह मिलती है वहां बैठ जाते हैं। मरीजों के सहायक को रूकने के लिए वेटिंग हाल एवं उनके सोने की व्यवस्था होनी चाहिए उनकी सुविधाओं के लिए अस्पताल प्रशासन एवं जिला प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है। नगर के सभी अस्पताल सड़कों के किनारे बनाए गए हैं। जहां पर पार्किंग की सुविधा नहीं है अक्सर देखा जाता है कि पार्किंग के कारण यातायात बाधित होता है। निजी अस्पताल के संचालक रसूखदार होते हैं। जो किसी न किसी नेता के मुंह लगे रहते हैं। जिससे जिलाप्रशासन इनके सामने नतमस्तक रहता है वैसे जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी यदि माह में एक बार इन अस्पतालों का निरीक्षण करें तो इन्हें कई खामियां नजर आएंगी। सरकारी अस्पताल के सभी डाक्टरों ने अपने अपने क्लीनिक खोल रखे हैं। कुछ डाक्टर निजी अस्पतालों में विजिट भी करते हैं। इसीलिए इनका ध्यान सरकारी अस्पताल के मरीजों की तरफ ध्यान नहीं रहता है। बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए एवं बढ़ते निजी अस्पतालों को देखते नगर की सभी सीमाओं पर सौ, सौ बेड के अस्पताल और खुलने चाहिए जिससे निजी अस्पतालों में भीड़ कम होगी। सिवनी रोड, परासिया रोड, नागपुर रोड, खजरी रोड में सरकारी अस्पतालों को खोलने की आवश्यकता है। जहां पर मरीज भर्ती हो सकें वहां डिलेवरी हो सके जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से शहर में आने का प्रेशर कम होगा। इसके लिए जनप्रतिनिधियों को प्रयास करना चाहिए क्षेत्रीय सांसद भाजपा के विवेक बंटी साहू हैं और सरकार में भाजपा है इसीलिए वे सरकार से नगर की सभी दिशाओं में सौ, सौ बेड की मांग करें तो सरकारी अस्पताल खुल सकते हैं। जिससे आम मरीजों का ईलाज आसान होगा।

## चौरसिया महिला समिति ने मनाया हरियाली उत्सव



छिंदवाड़ा। चौरसिया महिला समिति द्वारा चौरसिया मंगल भवन में हरियाली महोत्सव मनाया गया एवं महिलाओं ने झूले का आनन्द उठाया, समिति की अध्यक्ष श्रीमती रक्षा मुकेश चौरसिया ने बताया कि भजन कीर्तन के अलावा आनन्द मेले का आयोजन किया गया।

## वीर मेमोरियल फाउंडेशन द्वारा हरियाली दिवस में फलदार प्रजाति के पौधों का रोपण




छिंदवाड़ा । वीर मेमोरियल फाउंडेशन के उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान कार्यक्रम प्रति सप्ताह निरंतर जारी है। इसी क्रम में फाउंडेशन के माध्यम से आज दिनांक 28 जुलाई दिन रविवार सुबह रिमझिम फव्वारे के बीच बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बी- पैक्स सिल्लेवानी, ब्लॉक मोहखेड़ के प्रांगण , में फलदार पौधों आम ,जाम ,जामुन ,कटहल प्रजाति का रोपण बड़े उत्साह के साथ किया गया रोपण पश्चात फाउंडेशन के पदाधिकारी रविकांत अहिरवार प्रवीण नासेरी द्वारा पर्यावरण पर एवं वीर मेमोरियल फाउंडेशन के उद्देश्य के बारे में संबोधित किया गया । इस पौधारोपण कार्यक्रम में सहकारी समिति के गोविंद ओक्टे , गणपति देशमुख , वीरेन्द्र टेकनकर , प्रीतम पवार, पातेराम टेकनकर, दिलीप कुमार देशमुख एवं फाउंडेशन के पदाधिकारी वरिष्ठ समाजसेवी कामता प्रसाद अहिरवार , नरेंद्र सोनारे,विक्रांत अहिरवार, जितेंद्र फटीक, शिखा नासेरी, कविता अहिरवार ज्योति सोनारे, श्वेता अहिरवार, एवं ब्लॉक मोहखेड़ के पदाधिकारी कर्मचारी और फाउंडेशन के पदाधिकारी महिला पुरुष एवं बच्चे उपस्थित थे ।

## जर्जर स्कूल भवनों की जांच के निर्देश

### आयुक्त जनजातीय विभाग ने बरसात में हादसों से बचाव के लिए उठाया सख्त कदम

छिंदवाड़ा। बरसात के मौसम को देखते हुए जनजातीय कार्य विभाग छिंदवाड़ा ने सभी विकासखंडों की विभागीय शैक्षणिक संस्थाओं की सुरक्षा और स्थिति को लेकर गंभीर रुख अपनाया है। सहायक आयुक्त सतेन्द्र सिंह मरकाम द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, एकलव्य विद्यालय प्राचार्यों, कन्या शिक्षा परिसर, आश्रम, छात्रावास, प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल और उच्चतर माध्यमिक शालाओं के प्रमुखों को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं।निर्देशों के अनुसार, सभी संस्थानों को तत्काल निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करना है कि उनके भवन संचालन योग्य हैं या नहीं। यदि




कोई भवन जर्जर अवस्था में पाया जाता है अथवा वह शाला संचालन के लिए अनुपयुक्त है, तो उसका स्थल पंचनामा, कारण सहित प्रतिवेदन एवं प्रस्ताव तैयार कर तीन दिवस की भीतर विकासखंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से जिला कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।इस संबंध में हाल ही में झालावाड़ा (राजस्थान) में हुई दुर्घटना को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि निरीक्षण के बाद रिपोर्ट नहीं दी जाती या किसी संस्था में भविष्य में कोई अप्रिय घटना घटती है, तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित संस्था प्रमुख की होगी।इसके अलावा, समस्त अधिकारियों के साथ ड्कूष्ट (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग) के माध्यम से भी विस्तृत चर्चा की गई है, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना से पहले ही सतर्कता बरती जा सके और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सकें।

## गिरते पानी में शहर कांग्रेस ने निकाली प्रशासन की शव यात्रा

मंडला। डीएपी यूरिया की कमी,नशे के बढते कारोबार,स्मार्ट मीटर के कारण महंगी बिजली,नलों में गंदा पानी,नगर में सफाई व्यवस्था सहित कई आरोप लगाते हुए उदय चौक में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया।कांग्रेस जि ला अध्यक्ष एड राकेश तिवारी सहित अन्य कांग्रेसियों ने ज्ञापन में उल्लेख किया है की मप्र की भाजपा सरकार के संरक्षण में प्रदेश एवं जिले की



आमजन के साथ किए जा रहे शोषण पर रोक लगाने एवं कानून व्यवस्था दुरूस्त करने को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया है।आरोप लगाते हुए कहा कि मप्र में डॉ.मोहन यादव की सरकार में किसानों को यूरिया एवं डीएपी खाद पर्याप्त मात्रा एवं समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रही है,स्मार्ट मीटर के नाम पर बिजली बिल की मनमानी वसूली की जा रही है,ग्रामीण क्षेत्रों में बेतहासा बिजली कटौती की जा रही है,किसानों को खाद समय पर उपलब्ध नहीं हो रही है जिससे कृषि उत्पादन प्रभावित हो रहा है।मंडला-जबलपुर रोड़ जो कि बहुत ज्यादा जर्जर हो गई है उस पर टोल वसूली की जा रही है,उन्हे सुधारकर ही टोल वसूला जाए। प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है,हत्या,मारपीट, सूखा नशा,अवैध शराब,जुआ-सट्टा का काम जोरो पर है।नलो से लगातार गन्दा पेयजल आ रहा है,जिससे जलजनित गंभीर बीमारियों लगातार फैल रही है। जनता पर लगने वाले टैक्सो को मनमाने ढंग से बढ़ाया जा रहा है।

पूर्व विधायक डॉ अशोक मर्सकोले ने जनहित मांग की है कि जिले के किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में बिजली एवं खाद उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।स्मार्ट मीटर जो अनुचित विद्युत खपत बताकर बढ़े हुए बिजली के बिल भेज रहें है को सुधारा जाए एवं बिजली कटौती बंद की जाए।मंडला-जबलपुर रायपुर सड़क सुधारकर ही टोल वसूली की जाए,जिले में लगातार बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाया जाए एवं गुंडा तत्वों पर कठोर कार्यवाही की जाए,नलो के गंदे पेयजल को फिल्टर अच्छी तरह से किया जाए,बढ़ाये गए कचरा टैक्स को तत्काल बंद किया जाए।

**बढ़ती महंगाई,गंदा पानी और कानून व्यवस्था पर सवाल:** निवास विधायक चैनसिंह बरकड़े ने कहा कि जिले में सीवर लाइन के गड्ढों से जगह-जगह पानी भरने की समस्या बनी हुई है,आम नागरिक गड्ढों में गिरकर घायल हो रहे हैं।शहर में निराश्रित पशुओं के कारण अव्यवस्थित यातायात से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं।सड़कों पर सांड की लड़ाई से दुकानदार आमजन को लगातार नुकसान पहुंच रहा है लोग घायल हो रहे हैं कोई जिम्मेदार सुध लेने वाला नहीं है।

## पार्थिक शिवलिंग का प्रतिदिन निर्माण एवं रूद्राभिषेक



छिंदवाड़ा। मध्यप्रदेश संत पुजारी संघ के जिलाध्यक्ष पंडित सुनील तिवारी द्वारा लगातार तीसरे वर्ष भी शिव महापुराण एवं पार्थिक शिवलिंग का प्रतिदिन निर्माण एवं रूद्राभिषेक राजपूत भवन में किया जा रहा है। इस अवसर पर शिव का महत्व एवं 12 ज्योतिर्लिंग की कथा श्रवण कराई जिसमें जिसमें बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भक्तों ने कथा का लाभ उठाया।



ओबीसी महासभा की राष्ट्रीय कोर कमेटी के आह्वान पर जनगणना के साथ जातिगत जनगणना कराने, 13 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण पर से होल्ड हटाने, आरक्षण में ओबीसी समाज की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने आदि मांगों को लेकर ओबीसी समाज ने आज भोपाल में प्रदर्शन किया।

## वाहन हटाने को लेकर दुपाड़ा में विवाद युवक पर तलवार मारी

शाजापुर। ग्राम पंचायत दुपाड़ा में शुक्रवार सुबह कार और ट्रैक्टर चालक के बीच सड़क से हटने की बात पर विवाद हो गया इस पर बीच बचाव करने आए व्यक्ति पर कार चालक ने तलवार से हमला कर दिया जिस कारण ग्रामीण आक्रोशित हो गए और उन्होंने बाजार बंद करवा दिया ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि हमला करने वाले युवक डीजल चोरी के भी आरोपी है इनके कारण हमारा गांव बदनाम हो रहा है इन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जाए इस दौरान ग्रामीणों ने डीजल चोरी बंद करो के नारे लगाए । स्थानीय निवासी सुभाष पाटीदार ट्रैक्टर लेकर बस स्टैंड की तरफ आ रहे थे गेट के पास सड़क पर एक कार खड़ी हुई थी श्री पाटीदार ने इन दोनों से कार को साइड से लगाने को कहा लेकिन इन्होंने ने कार नहीं हटाई इस पर दोनों युवक और श्रीपाटीदार के बीच बहसबाजी हुई देखते ही देखते दोनों युवक पाटीदार के साथ मारपीट करने लगे इतने में क्रिश तलवार लेकर लहराने लगा बीच-बचाव करने आए रामबाबू पिता राधेश्याम पाटीदार पर तलवार से वार कर दिया रामबाबू के हाथ व गर्दन पर चोट लगी इसके बाद मौका पाकर दोनों युवक भाग गए।



मप्र संविदा आउट सोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के द्वारा आउट सोर्स/रोगी कल्याण समिति स्वास्थ्य कर्मचारियों की प्रमुख मांगों को लेकर शाहजहानी पार्क में धरना प्रदर्शन किया जा रहा है।

## भारतीय किसान संघ जिला भोपाल तहसील बैरसिया का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग हुआ संपन्न

बैरसिया। भारतीय किसान संघ जिला भोपाल तहसील बैरसिया ग्राम इकाई का रविवार को कृषि उपज मंडी समिति बैरसिया प्रांगण में एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न हुआ। उदघाटन सत्र में प्रांत सदस्य कैलाश सिंह ठाकुर ने भगवान बलराम भारत माता और राष्ट्र ऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर वर्ग का शुभारंभ किया।प्रथम सत्र में जिला अध्यक्ष गिरवर सिंह राजपूत ने संगठन की भूमिका के बारे में अपने विचार रखे



द्वितीय सत्र में प्रदेश जैविक प्रमुख जगराम यादव ने संगठन की संगठनात्मक रचनात्मक और पंच परिवर्तन पर प्रकाश डाला। तृतीय सत्र में संभाग अध्यक्ष बिशन सिंह बघेल ने संगठन के आंदोलनात्मक महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम के समापन सत्र में जिला मंत्री देवेंद्र दांगी तहसील अध्यक्ष शैतान सिंह राजपूत ने वर्ग में आए किसानों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया और मण्डी प्रांगण में वृक्षारोपण किया।साथ ही नगर के सभी पत्रकारों का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।



आज महापौर मालती राय ने श्रावण माह के पावन अवसर पर पीपलेश्वर महादेव मंदिर पुल पुख्ता पर कावड़ यात्रा में सम्मिलित होकर धर्म लाभ अर्जित किया इस अवसर पर पूर्व पार्षद नरेश जादव एवं भक्त गण उपस्थित रहे।



श्रावण माह के पावन अवसर पर गुफा मंदिर में भगवान शिव का विशेष श्रंगार किया गया।





प्रदेश में हो रही रुक रुककर बारिश का अदभुत नजारा।

– फोटो जगदीश कौशल





भोपाल में मध्यप्रदेश मानसून विधानसभा सत्र के पहले दिन वाहन प्रवेश के लिए चेकिंग अभियान चलाते कर्मचारी।

# इंदिरा सागर के 12 और ओंकारेश्वर बांध के 9 गेट खोले गए, नर्मदा का जलस्तर बढ़ा

**भोपाल।** नर्मदा नदी के ऊपरी इलाकों में भारी बारिश के कारण बांधों पर पानी का दबाव बढ़ा है। इसके बाद रविवार सुबह 4 बजे इंदिरा सागर और ओंकारेश्वर बांध के गेट खोले, जिससे पानी छोड़ा गया। इंदिरा सागर के 12 और ओंकारेश्वर बांध के 9 गेट खोल दिए गए। इसका असर निमाड़ के दोनों जिलों खंडवा और खरगोन में देखने को मिल रहा है। नर्मदा के ऊपरी इलाके में लगातार भारी बारिश ने पूरी तरह से जनजीवन ठप्प कर दिया है। गेट खोलने की सूचना एक दिन पहले ही दे दी गई थी। भारी बारिश के बाद खंडवा जिले के दोनों बड़े बांध ओंकारेश्वर और इंदिरासागर के गेट खोले गए हैं। इंदिरा सागर और ओंकारेश्वर बांध प्रबंधन ने एक दिन पहले ही खंडवा जिला प्रशासन को यह सूचना दे दी थी कि वह नर्मदा के निचली बस्ती में मुनादी करवा दें कि रविवार से बांध के गेट खोले जाएंगे। ऐसी स्थिति में निचली बस्ती के लोग अलर्ट रहें।

**24 में से 9 गेट खोले गए–** ओंकारेश्वर बांध के 24 गेटों में से 9 गेट खोल दिए गए हैं। इन 9 गेटों से 3510 क्यूमेक्स वाटर डिस्चार्ज किया जा रहा है। वहीं इंदिरा सागर बांध के भी 20 में से 12 गेट खोल दिए गए। इंदिरा सागर बांध से भी 3460 क्यूमेक्स पानी छोड़ा जा रहा है। ओंकारेश्वर बांध के जनरल मैनेजर डीके द्विवेदी ने बताया कि जो गेट खोले गए उस कारण ओंकारेश्वर बांध का भी जलस्तर 194.9 मी. के करीब पहुंच गया। लिहाजा ओंकारेश्वर बांध के 23 गेट में से कुल 9 गेट अभी खोल दिए गए हैं। यहां से 3510 क्यूमैक्स पानी छोड़ा जा रहा है।



**इंदिरा सागर बांध का लेवल 258 मीटर रखना है–** इंदिरा सागर बांध के जनरल मैनेजर अजीत कुमार ने बताया कि हाई कोर्ट के आदेश पर इंदिरा सागर बांध का लेवल 258 मीटर रखना है। वह लेवल पूरा हो चुका है। लेवल पूरा होने के कारण बांध को खाली करना पड़ता है। इसलिए इंदिरा सागर बांध के गेट खोले गए। इन 10 गेट को फिलहाल आधे मीटर की ऊंचाई पर खोला गया है। वहीं, दो गेट पूरी तरह एक मीटर की ऊंचाई पर खोले गए। इधर, इंदिरा सागर बांध से बिजली बनाने का भी कार्य लगातार जारी है। लिहाजा इन सब प्रक्रिया को पूरा करने के लिए सुबह 4 से ही बांध के गेट खोल दिए गए।

## ओंकारेश्वर में हाई अलर्ट, नर्मदा के घाट डूबे

ओंकारेश्वर बांध का जलस्तर छोड़ते ही ओंकारेश्वर बांध से थोड़ी दूरी पर बने हुए नर्मदा के जितने भी घाट हैं, उनमें से ब्रह्मपुरीघाट, कोठीतीर्थ घाट, नागरघाट, चक्रतीर्थघाट, अभयघाट, और गोमुखघाट पूरी तरह से जलमग्न हो गए। खंडवा कलेक्टर ऋषभ गुप्ता और खंडवा एसपी मनोज कुमार राय ने आम जनता और ओंकारेश्वर आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे नर्मदा नदी के तट से दूर रहें। नर्मदा घाटों पर नावों पर पर्यटन करने वालों पर भी रोक लगा दी गई है।

## 2 दिन तक पानी दो दिन तक छोड़ा जाता रहेगा

ओंकारेश्वर बांध के जनरल मैनेजर डीके द्विवेदी ने बताया कि श्रद्धालुओं के ओंकारेश्वर आगमन को लेकर दो दिनों तक वाटर डिस्चार्ज में कोई बदलाव नहीं होगा। क्योंकि, सावन के तीसरे सोमवार को लेकर बड़ी संख्या में देश से लोग यहां पहुंचते हैं। लिहाजा आम जनता को कोई परेशानी न हो इसलिए जलस्तर में किसी भी तरह का कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।




नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश




शुभारंभ
28 जुलाई 2025, अपराह्न 1:30 बजे
सेंट्रल हॉल विधान सभा भवन

गरिमामय उपस्थिति
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री
नरेन्द्र सिंह तोमर
अध्यक्ष, विधान सभा

प्रदर्शनी
• मध्यप्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान
• जलचर - जलीय जीवन के प्राणतत्व
• मध्यप्रदेश की बावड़ियाँ
• उपग्रह की नज़र से प्रदेश की प्रमुख जल संरचनाएँ
• अमृतस्य नर्मदा

मध्यप्रदेश विधान सभा के मानसून सत्र में जल गंगा संवर्धन अभियान की अभूतपूर्व उपलब्धियों की विशेष रूप से संयोजित प्रदर्शनियाँ












वीर भारत न्यास
मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग का आयोजन
सहयोग - जनसंपर्क विभाग • म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्
संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार और संग्रहालय • बरकतउल्ला विश्वविद्यालय
D-11073/25